दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03 : अंक : 335 | ग्वालियर, शुक्रवार 15 जनवरी 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8

न्यूज ट्रैक

छुट्टियों से लौटते ही मोदी सरकार पर आक्रामक हुए राहुल गांधी, कहा- मेरी बात याद

रखना। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने तीन केंद्रीय कृषि कानूनों के मुद्दे को लेकर गुरुवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि सरकार किसानों को बबार्द करने की साजिश कर रही है। राहुल गांधी ने भरोसे के साथ यह भी दावा किया कि मोदी सरकार कृषि कानूनों को वापस लेने पर मजबूर हो जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके शब्दों को याद रखा जाए। साथ ही यह भी कहा कि कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी रहेगी। राहुल गांधी ने मदुरै में संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया कि केंद्र सरकार अपने दो-तीन मित्रों को फायदा पहुंचाने की कोशिश कर रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, सरकार किसानों की सिर्फ उपेक्षा ही नहीं कर रही है, बल्कि उन्हें बर्बाद करने की साजिश भी कर रही है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, सरकार किसानों से जमीन लेकर अपने मित्रों को देना चाहती है। सरकार किसानों को दबा रही है और कुछ कारोबारियों की मदद कर रही है। किसानों के प्रति फिर से कांग्रेस का समर्थन जताते हुए उन्होंने कहा कि इन तीनों कानूनों को रद्द करना जरूरी है। राहुल गांधी ने कहा, मेरी बाद याद रखना। सरकार इन कानूनों को वापस लेने को मजबूर होगी। याद रखें जो मैंने कहा है। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कोरोना वायरस महामारी के दौरान आम लोगों की मदद नहीं करने का आरोप लगाया और सवाल किया, आप किसके प्रधानमंत्री हैं? उन्होंने यह भी कहा, प्रधानमंत्री चीन-भारत गतिरोध पर खामोश क्यों हैं? चीन के लोग भारत की सीमा के भीतर क्यों बैठे हैं?

हम युद्ध नहीं चाहते, लेकिन हमारे सैनिक मुहंतोड़ जवाब देने में सक्षमः राजनाथ सिंह

बेंगलुरु। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बेंगलुरु में गुरुवार को कहा कि हम युद्ध नहीं चाहते हैं, लेकिन अगर कोई महाशक्ति हमारे आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचाना चाहती है तो हमारे सैनिक मुहंतोड़ जवाब देने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि भारत किसी के साथ संघर्ष नहीं चाहता है। हम शांति और मित्रवत संबंध चाहते हैं क्योंकि यह हमारे खून और संस्कृति में है। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि भारत और चीन के बीच गतिरोध के दौरान हमारे सैनिकों ने अदम्य साहस और धैर्य का परिचय दिया और यदि उसका वर्णन किया जाए तो हर भारतीय गौरव महसूस करेगा। बता दें कि कैबिनेट मामलों की सुरक्षा समिति ने बुधवार को वायुसेना के लिए देश में बने 83 तेजस लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी प्रदान कर दी थी। इनमें 73 तेजस मार्क 1ए तथा 10 मार्क ए ट्रेनर तेजस विमान शामिल हैं। यह खरीद हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से की जाएगी और यह सौदा करीब 48 हजार करोड़ का होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की सुरक्षा मामलों की समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। बाद में रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि 83 तेजस विमानों की कीमत 45696 करोड़ रुपये होगी। जबकि डिजाइन, संसाधनों के विकास आदि के लिए अलग से 1202 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

महाराष्ट्र में सरपंच पद के लिए नीलामी 2 करोड़ रुपए तक की लगी बोली

मुंबई। लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों को वोट से चुना जाता है, लेकिन महाराष्ट्र के दो गांवों में सरपंच और ग्राम पंचायत सदस्यों के पदों के लिए नीलामी आयोजित की गई। यहां लोकतंत्र को शर्मसार करते हुए इन पदों के लिए 2 करोड़ रुपए तक की बोली लगाई गई। एक गांव में सरपंच का पद 2 करोड़ में बिका तो दूसरे में 42 लाख रुपए तक की बोली लगी। नीलामी का वीडियो वायरल होने के बाद महाराष्ट्र के चुनाव आयुक्त यूपीएस मदन ने दोनों गांवों में चुनाव रद्द किए जाने की घोषणा की। ये मामले नासिक जिले के उमरेन और नांदुरबर जिले के कोंडामाली गांव से सामने आए हैं। राज्य चुनाव आयोग की ओर से जारी बयान में कहा गया है, सरपंच और ग्राम पंचायत सदस्यों के लिए उमरेन और कोंडामाली गांव में नीलामी को लेकर मीडिया रिपोर्ट्स आई हैं।

बीकेयू ने भूपिंदर सिंह मान को किया संगठन से अलग

नई दिल्ली। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि आज हाल में ही पंजाब से सुप्रीम कोर्ट द्वारा कमेटी के सदस्य भूपिंदर मान जी का इस्तीफा इस आंदोलन की वैचारिक जीत का उदाहरण है. भूपिंदर सिंह मान ने कहा है कि वह किसानों की जन भावनाओं के पंजाब के किसान के साथ हैं. हम उनका धन्यवाद करते हैं कि आज उनके अंदर का किसान जाग गया और हम भूपिंदर सिंह मान जी को आमंत्रित करते हैं कि वह भी आंदोलन में शामिल हो.पंजाब के खन्ना में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके भारतीय किसान यूनियन ने भूपिंदर सिंह मान को अपने संगठन से अलग करने का ऐलान किया है. इससे पहले भूपिंदर सिंह मान ने अपने आपको सुप्रीम कोर्ट की ओर से बनाई गई कमेटी से अलग कर लिया.

अलग हुए बीकेयू नेता भूपिंदर सिंह मान-किसान

आंदोलन को लेकर बनाई गई सुप्रीम कोर्ट की चार सदस्यीय कमेटी से भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और अखिल भारतीय किसान समन्वय समिति के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह मान ने खुद को अलग कर लिया है.

टीएमसी ने केंद्र पर साधा निशाना-किसान आंदोलन पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद डॉ. काकोली घोष दस्तीदार ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि केंद्र बड़े कॉर्पोरेट्स के इशारे पर काम कर रही है. कृषि, राज्य का विषय है. यह संविधान और संघीय ढांचे पर एक चोट है. बंगाल में राज्य सरकार आर्थिक रूप से उन किसानों की मदद कर रही है, जिनकी मौत हो जाती है. ममता बनर्जी के शासन के दौरान बंगाल में कृषि आय तीन गुना हो गई है. हम चाहते हैं कि नए कृषि कानून तुरंत निरस्त हों. सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस मार्केंडेय काटजू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है. उन्होंने किसानों के साथ गतिरोध को खत्म करने को लेकर सरकार को कई सुझाव दिए हैं. भारतीय किसान यूनियन (राजेवाल समूह) के नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने किसानों को एक खुले पत्र में स्पष्ट किया है कि ट्रैक्टर मार्च केवल हरियाणा-नई दिल्ली सीमा पर होगा, लाल किले पर नहीं होगा जैसा कि कुछ नेताओं द्वारा दावा किया जा रहा है. राजेवाल ने उन किसानों को भी अलगाववादी तत्वों से दूर रहने को कहा है जो मार्च में ट्रैक्टर निकालने की कोशिश कर रहे थे.

सरकार-किसान संगठनों में नौवें दौर की बातचीत से पहले

बोले कृषि मंत्री तोमरः सकारात्मक चर्चा की उम्मीद

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को कहा कि प्रदर्शनकारी किसान संगठनों और सरकार के बीच नौवें दौर की वार्ता तय कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को होगी और केंद्र को उम्मीद है कि चर्चा सकारात्मक होगी। तोमर ने संवाददाताओं से कहा, सरकार खुले मन से किसान नेताओं के साथ बातचीत करने को तैयार है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गतिरोध सुलझाने के लिए चार सदस्यीय कमेटी नियुक्त किए जाने और फिर एक सदस्य के इससे अलग हो जाने के कारण नौवें दौर की वार्ता को लेकर भ्रम की स्थिति को दूर करते हुए तोमर ने कहा कि सरकार और किसान प्रतिनिधियों के बीच 15 जनवरी को दिन में 12 बजे से बैठक होगी। किसान संगठनों ने कहा है कि वे सरकार के साथ वार्ता करने को तैयार हैं। लेकिन, वे सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त कमेटी के समक्ष पेश नहीं होना चाहते हैं। किसान संगठनों ने समिति के सदस्यों को लेकर आशंका जाहिर करते हुए कहा कि इसके सदस्य पूर्व में तीनों कानूनों की पैरवी कर चुके हैं। इससे पहले दिन में भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष भूपिन्दर सिंह मान ने कहा कि वह कृषि कानूनों पर किसानों और केंद्र के बीच गतिरोध को सुलझाने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित चार सदस्यीय समिति से अलग हो गए हैं। मान ने कहा कि समिति में उन्हें सदस्य नियुक्त करने के लिए वह शीर्ष अदालत के आभारी हैं लेकिन किसानों के हितों से समझौता नहीं करने के लिए वह उन्हें पेश किसी भी पद का त्याग कर देंगे। उन्होंने एक बयान में कहा, खुद किसान होने और यूनियन का नेता होने के नाते किसान संगठनों और आम लोगों की भावनाओं और आशंकाओं के कारण मैं किसी भी पद को छोड़ने के लिए तैयार हूं ताकि पंजाब और देश के किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं हो। मान ने कहा, मैं समिति से अलग हो रहा हूं और मैं हमेशा अपने किसानों और पंजाब के साथ खड़ा रहूंगा। पंजाब और हरियाणा के हजारों किसान नए कृषि कानूनों को निरस्त करवाने के लिए पिछले कई सप्ताह से दिल्ली की अलग-अलग सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान संगठन, कृषक (सशक्तीकरण एवं संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा करार, कानून, 2020, कृषक उत्पाद व्यापार एवं वाणिज्य (संवर्धन एवं सरलीकरण) कानून, 2020 और आवश्यक वस्तु (संशोधन) कानून को निरस्त किए जाने की मांग कर रहे हैं।



धनंजय मुंडे पर रेप का आरोप लगाने वाली महिला को लेकर

बीजेपी नेता का दावा- मुझे भी 2010 से फंसाने की कर रही कोशिश

मुंबई। बीजेपी नेता कृष्ण हेगड़े ने गुरुवार को दावा किया कि महाराष्ट्र के मंत्री और एनसीपी नेता धनंजय मुंडे पर रेप का आरोप लगाने वाली महिला पिछले कई साल से उन्हें भी परेशान कर रही है। अम्बोली पुलिस को लिखे पत्र में पूर्व विधायक ने कहा कि आरोप लगाने वाली महिला 2010 से ही उन्हें फंसाने की कोशिश कर रही है। हेगड़े कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए हैं। उन्होंने दावा किया कि महिला ने इसी तरीके से एक अन्य नेता को भी फंसाने का प्रयास किया है। मुंडे ने पहले ही महिला के आरोपों का खंडन किया है। गौरतलब है कि 37 वर्षीय महिला के आरोपों के बाद भाजपा ने मुंडे के इस्तीफे की मांग की है। हेगड़े ने कहा कि महिला उन्हें (हेगड़े) अलग-अलग नंबरों से कॉल और मैसेज करती थी, और यह 2015 तक जारी रहा, लेकिन उन्होंने साफ कह दिया था कि उन्हें महिला से मिलने में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा कि मुंडे के

खिलाफ आरोप के बारे में पढ़कर उन्हें सदमा लगा और इसलिए वह पुलिस के पास गए। पत्र में उन्होंने दावा किया है, यह लुभाने, मोहपाश में फंसाने, ब्लैकमेल और पैसे निकालने का तरीका है और मैं मुंबई पुलिस से अनुरोध करूंगा कि वह प्राथमिकी दर्ज करे और इस मामले को तार्किक अंजाम तक पहुंचाए। पत्रकारों से बातचीत में हेगड़े ने दावा किया कि इस महिला ने एक अन्य नेता को भी फंसाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह राजनीतिक मुद्दा नहीं है। यह मुंडे के साथ हुआ है, मेरे साथ भी हो सकता था और भविष्य में किसी और के साथ भी हो सकता है। **आरोप गंभीर, कार्रवाई पर जल्द फैसला- पवार**-वहीं, इस मामले में एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि धनंजय मुंडे पर जो आरोप लगे हैं, वे गंभीर हैं और पार्टी उन पर कार्रवाई के बारे में जल्द फैसला लेगी। पवार ने पत्रकारों से कहा कि मुंडे (45) ने बुधवार को उनसे भेंट करके आरोप के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

26 जनवरी को लाल किले से इंडिया गेट तक परेड करेंगे किसानः राकेश टिकैत

नई दिल्ली। कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे किसान 26 जनवरी को ट्रैक्टर परेड पर अड़े हुए हैं। पहले राजपथ पर ट्रैक्टर ले जाने की चेतावनी देते रहे किसानों ने अब कहा है कि वे लाल किले से इंडिया गेट तक मार्च करेंगे। भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण होगा जब एक तरफ किसान होंगे और दूसरी तरफ जवान। राकेश टिकैत ने कहा, ये पता चला है कि वे (सरकार) राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक यात्रा (परेड) निकालेंगे। उन्होंने अपनी यात्रा छोटी कर दी है। हम लाल किले से निकालेंगे इंडिया गेट तक, दोनों का मेल मिलाप वहीं होगा। किसान देश का सिर ऊंचा करेंगे। यह दुनिया की सबसे ऐतिहासिक परेड होगी। यहां एक तरफ से किसान चलेगा, एक तरफ से किसान चलेगा।इससे पहले भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा कि प्रदर्शनकारी किसान संघ सरकार के साथ तय नौवें दौर की वार्ता में शामिल होंगे और गतिरोध को सुलझाने और आंदोलन को समाप्त करने के लिए वार्ता को जारी रखना जरूरी है।

41 विधायक भाजपा में आने के लिए तैयार

जा रही है ममता बनर्जी की सरकारः कैलाश विजयवर्गीय

कोलकाता। भाजपा के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने गुरुवार को कहा कि उनके पास 41 विधायकों के नाम हैं जो अगर पार्टी में आ जाएं, तो पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार गिर जाएगी। उन्होंने कहा, मेरे पास 41 विधायकों की सूची हैं, वे बीजेपी में आना चाहते हैं। मैं उन्हें बीजेपी में शामिल करूं तो बंगाल में सरकार गिर जाएगी। हम देख रहे हैं कि किसे लेना है और किसे नहीं। अगर छवि खराब है किसी की तो हम नहीं लेंगे। सबको लग रहा है ममता बनर्जी की सरकार जा रही है। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को वाम मोर्चा और कांग्रेस से भाजपा की सांप्रदायिक एवं विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ लड़ाई में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का साथ देने की अपील की है। हालांकि, दोनों दलों ने इस सलाह को सिर से खारिज कर दिया है। वहीं कांग्रेस ने इस सलाह के बाद तृणमूल कांग्रेस को पेशकश की है कि वह भाजपा के खिलाफ लड़ाई के लिए गठबंधन बनाने के स्थान पर पार्टी (कांग्रेस) में विलय कर ले। राज्य में मजबूती से उभर रही भाजपा का कहना है कि तृणमूल की यह पेशकश दिखाती है कि वह पश्चिम बंगाल में अप्रैल-मई में होने वाले संभावित विधानसभा चुनावों में अपने दम पर भगवा पार्टी का मुकाबला करने का सामर्थ्य नहीं रखती है। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद सौगत रॉय ने पत्रकारों से कहा, अगर वाम मोर्चा और कांग्रेस वास्तव में भाजपा के खिलाफ हैं, तो उन्हें भगवा दल की सांप्रदायिक एवं विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ लड़ाई में ममता बनर्जी का साथ देना चाहिए।

राजकीय सम्मान के साथ चायवाले को दी गई अंतिम विदाई, पीएम मोदी-सीएम पटनायक ने जताया दुख

भुवनेश्वर। पद्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित ओडिशा के चायवाले देवरापल्ली प्रकाश राव को गुरुवार सुबह राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने दुख जताया। इसके अलावा भी कई दलों के नेताओं ने राव के निधन पर शोक व्यक्त किया। राव दशकों तक कटक के काफी लोकप्रिय चायवाले रहे। कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में अंतिम सांस लेने वाले 63 वर्षीय राव कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे। वे कोई मामूली चाय बेचने वाले शख्स नहीं थे, बल्कि उन्हें झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए साल 2019 में पद्मश्री अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था। वे शिक्षा के महत्व को समझते थे और इसी वजह उन्होंने अपने घर के नजदीक एक स्कूल भी शुरू किया था, जहां वे बच्चों को पढ़ाते थे। **साल 2000 में घर में शुरू किया स्कूल**-यह साल 2000 का समय था जब राव ने रिक्शा चालक, नौकरानी, नगरपालिका के सफाई कर्मियों के बच्चों के लिए बक्सीबाजार स्लम में अपने दो कमरों के घर में आशा-ओ-आश्वसन स्कूल की शुरुआत की। ये बच्चे पहले स्कूलों में पढ़ाने करने के बजाए इधर-उधर घूमने में ज्यादा दिलचस्पी रखते थे, लेकिन बाद में वे राव के स्कूल में पढ़ने के लिए आने लगे। लगातार स्कूल में बुलाने के लिए राव इन बच्चों के लिए दूध और बिस्किट किसी मिड-डे मील की तरह उपलब्ध कराते थे। कुछ साल पहले राव ने कहा था कि वे बचपन में पढ़ना चाहते थे, लेकिन उनके पिता सोचते थे कि पढ़ाई समय की बर्बादी है।

कोविड वैक्सीन से नपुंसक होने का खतरा है?

स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने दिया यह जवाब

> स्वास्थ्य मंत्री ने इसको लेकर कहा, कोई वैज्ञानिक सबूत ऐसा नहीं है जो बताता हो कि कोविड वैक्सीन से महिला या पुरुष में बांझपन आ सकता है। कृपया इस तरह के अफवाहों या अप्रमाणित स्त्रोतों से आने वाली सूचनाओं पर पर ध्यान ना दें।

नई दिल्ली। देश में डेढ़ लाख से अधिक लोगों की जान ले चुके करोना वायरस पर काबू पाने के लिए टीकाकरण शुरू होने जा रहा है। लेकिन इस बीच कोराना टीकों को लेकर कई तरह के भ्रम और अफवाहें भी फैलाई जा रही हैं। कई तरह के साइड इफेक्ट्स के दावों की वजह से लोगों के मन में दुविधा पैदा हो रही है। इस बीच देश के स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने खुद इन अफवाहों को दूर करने की कोशिश की है।

कोरोना टीकों के साइड इफेक्ट्स को लेकर कुछ लोग यह भी दावा कर रहे हैं कि यह नपुंसक बना सकता है। पिछले दिनों एक राजनीतिक पार्टी के नेता की ओर से दावा किए जाने के बाद यह भ्रम और तेजी से फैला। स्वास्थ्य मंत्री ने इसको लेकर कहा, कोई वैज्ञानिक सबूत ऐसा नहीं है जो बताता हो कि कोविड वैक्सीन से महिला या पुरुष में बांझपन आ सकता है। कृपया इस तरह के अफवाहों या अप्रमाणित स्त्रोतों से आने वाली सूचनाओं पर पर ध्यान ना दें।

कोरोना टीके से किस तरह के साइड इफेक्ट्स?-स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कोरोना टीकाकरण से होने वाले साइड इफेक्ट्स की जानकारी देते हुए कहा, कोविड-19 वैक्सीन लगाए जाने के बाद कुछ लोगों को हल्के बुखार, टीके वाली जगह पर दर्द, शरीर में दर्द जैसी शिकायतें हो सकती हैं। ये साइड इफेक्ट्स दूसरे टीकों की तरह ही हैं। ये दिक्कतें कुछ समय में खुद ही दूर हो जाने की उम्मीद है।

क्या वैक्सीन की वजह से हो सकता है कोरोना?-इस भ्रम को दूर करते हुए स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कहा, कोविड-19 वैक्सीन लगाए जाने की वजह से आपको कोरोना संक्रमण नहीं हो सकता है। यदि आपको टीका लगने के बाद अस्थायी साइड इफेक्ट के रूप में हल्का बुखार आता है तो इसे कोविड ना समझें।

ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है

सम्पर्क करें

जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश

फोनः 0751-4901403

मो. 7879637585, 8770253710

Website-www.pushpanjalitoday.com

Email.- pushpanjalitoday@gmail.com

एक नजर....

मकर संक्रान्ति पर तिल गुड व गजक द्वारा मूँह मीठा कराकर हेलमेट कराने का आग्रहः डी.एस.पी. अन्नोटिया

ग्वालियर। कोविड-19 में कोरोना संकट के बाद सतर्कता के साथ मकर संक्रांति की षुभकामना व यातायात नियमों को अपनाने के लिये तिज गुड व गजक से मूंह मीठा कराकर नागरिकों को जागरूक किया। महानगर में बिगडती टेअ्रफिक व्यवस्था में कहीं न कहीं हम सभी लोग जिम्मेदार है। यदि हम स्वयं नियमों को अपनायेंगे तभी दूसरों को यातायात के नियमों के पालन के लिये प्रेरित कर सकते हैं क्योंकि राश्ट्रीय सेवा योजना का उद्देष्य ही जागरूकता करना होता है। इसके तहत यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह में यातायात के नियमों का पालन करने व खुद को दुर्घटना से बचाने के लिए पुलिस प्रषासन के साथ जनता को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। यह कार्यक्रम में फूलबाग चौराहे पर सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत डी.एस.पी. टेअ्रफिक नरेष अन्नोटिया डी.एस.पी. , वरिश्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय कार्यक्रम अधिकारी राश्ट्रीय सेवा योजना माधव महाविद्यालय हेड कॉस्टेबल तिवारी के नेतृत्व में किया गया। यह कार्यक्रम फूलबाग चौराहे पर आयोजित किया गया। डी.एस.पी. अन्नोटिया ने कहा कि चौराहों पर लगी रेड लाईट देखकर रूकें, हेलमेट का उपयोग सुरक्षित जीवन के लिए आवष्यक रूप से करें व पैदल चलने वालों के लिए सावधानी पूर्वक गाडी चलायें तथा जेब्रा क्रॉसिंग से ही सड़क पार करें। घर से बाहर सड़क पर आते ही यातायात के नियमों का पालन करने से हम अपने आपकों व समाज के अन्य नागरिकों के जीवन को भी सुरक्षित बना सकते है क्योंकि स्वामी विवेकानन्द जी ने युवाओं के ऊपर ही भरोसा करके कहा था कि समाज में बदलाव के लिए मुट्ठी भर युवाओं के द्वारा ही समाज में बदलाव जा सकता है। युवा सप्ताह में युवा षक्ति द्वारा माधव महाविद्यालय ग्वालियर की राश्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह में यातायात नियमों का पालन करने के लिए मकर संक्रांति के अवसर पर वाहन चालकों को तिल गुड व गजक के द्वारा नियम अपनाने आग्रह किया गया। स्वामी जी के सपनों को भी साकार करने के लिए युवाओं ने अनोखी पहल की। डॉ. पाण्डेय ने कहा सडक दुर्घटना में सबसे अधिक हताहत युवा ही होता है। यदि युवा यातायात के नियमों को न तोडे और दूसरों को इसके लिए प्रेरित करें। युवा को स्टंट करने व अन्य प्रयोगों के कारण जीवन दांव पर लगाता है। जिसे हम युवा षक्ति द्वारा रोक सकते हैं। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवक अंकुर चौरसिया, हेमन्त मांझी, निषा, वर्शा, अनिरूद्ध षर्मा, अंकुष अरोरा, विष्वजीत, प्रियंका किरारा, पूर्वी बोरगांवकर, परिधी षिवहरे, संजय यादव, तरूण रौहिरा, प्रभांषु जोगी, करन वरूआ, नेना गर्ग, सैफाली, रवि आदि उपस्थित थे।

किसान चौपाल का हुआ आयोजन एसडीएम ने सुनी किसानों की समस्यायें

मऊरानीपुर (झाँसी) तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्राम स्यावरी के रौहत्याना आदिवासी मजरे व किसानों की ज्वलन्त पूर्ण समस्याओं को लेकर किसान पंचायत आयोजित की गयी। जिसके मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी मऊरानीपुर अंकुर श्रीवास्तव रहे। अध्यक्षता उत्तर प्रदेश किसान काँग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष शिवनारायण सिंह परिहार ने की। इस मौके पर किसानों ने अपनी पीडा को मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी मऊरानीपुर के समक्ष रखा। जिसमें निवासियों के द्वारा बताया गया कि नदी पर पडे बिजली के खम्भे से गुजरना पड रहा है। जिससे आगमन में काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। साथ ही उपजिलाधिकारी मऊरानीपुर ने आदिवासी बस्ती का औचक निरीक्षण करते हुये देखा कि यहाँ के निवासी कैसे जीवन यापन कर रहे है तो देखने में आया कि आदिवासी मजदूर प्रधानमंत्री आवास, शौचालय सहित तमाम सरकारी योजनाओं से वंचित देखे गये। वही राशन कार्ड की समस्या को देखते हुये तत्काल उपजिलाधिकारी मऊरानीपुर के द्वारा सप्लाई इंस्पेक्टर से फोन पर बात की गयी। साथ ही 15 जनवरी 2021 को आधार कार्ड की प्रतिलिपि लेकर उनके राशन कार्ड अपडेट करने की बात कही गयी। साथ ही पुलिया निर्माण के बारे में उन्होनें शीघ्र सम्बन्धित विभाग से पुलिया को बनवाने की बात कही गयी। उत्तर प्रदेश किसान काँग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष शिवनारायण सिंह परिहार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग सरकारी योजनाओं से वंचित है यहाँ का गरीब आदिवासी मजदूर व किसान की हालत बद से बदतर बनी हुयी है। इसका मुख्य कारण गाँव का मुख्य सम्पर्क मार्ग से जुडाव न होने को बताया गया । इस मौके पर प्यारे लाल बेधडक, रामाधार निषाद, रामचन्द्र बुढिया, हरिश्चन्द्र मिश्रा, नन्दराम सिंह खंगार, किशोरी लाल यादव, प्रवीण पटेल, दयाराम सोनी, मंगल सिंह ,सत्येन्द्र पटेल, अरविन्द्र, शिवम्, अनिल झारखडिया जयकुँवर, फूला, कुँवर बाई सहित सैकडों आदिवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भारतीय किसान यूनियन (किसान) के जिला प्रभारी शेखर राज बडौनिया ने किया।

20 जनवरी से शुरू होगी फ्री पीएससी-यूपीएससी कोचिंग क्लासेज

श्योपुर(अर्पित गुप्ता) सभी छात्र छात्राओं के लिए खुश खबरी है कि यूपीएससी एवं एमपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग क्लासेज 20 जनवरी 2021 से सुबह 8 बजे से 10 बजे तक खटीक समाज के सामुदायिक भवन पर कोरोना वायरस से बचाव के लिए जारी गाइडलाइंस के अनुसार संचालित होने जा रही है। यह जानकारी फ्री कोचिंग क्लासेज आदर्श परिवार के डायरेक्टर एवं समन्वयक एवं पैरालीगल वालंटियर परीक्षित भारती ने बताई। मध्यप्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में 20 जनवरी 2021 से सभी संकायों की आफ लाइन क्लास शुरू करने के निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देश एवं आईसीएमआर और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइंस का पालन सुनिश्चित करते हुए क्लास शुरू करने की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है।

अंतरराज्यीय क्रिकेट महाकुंभ चौथे दिन जबलपुर ने पंजाब को दी करारी मात

जबलपुर से जयदेव नानी रहे मैन ऑफ द मैच, एडवोकेट जीतेंद्र शर्मा एवं महताब ठेकेदार रहे मौजूद

दबोह(अर्पित गुप्ता)। पूर्व मंत्री लहार विधायक डॉ.गोविन्द सिंह के पिता स्वर्गीय मथुरा सिंह फाउंडेसन समिति दबोह के तत्वाधान में खेले जा रहे 15वे अंतराज्यीय क्रिकेट टूनामेंट महाकुंभ 11 जनबरी से 17 जनबरी तक दबोह के शासकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर खेला जा रहा है।कार्यक्रम में शुभारंभ के चौथे दिन मुख्यातिथि के रूप में मध्यप्रदेश स्टेट वार काउंसलिंग एसोसिएशन के सचिव जीतेंद्र शर्मा मौजूद रहे।विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला न्यायालय ग्वालियर के शासकीय अधिवक्ता दिलीप भटेले एवं उच्च न्यायालय ग्वालियर के एडवोकेट पी.सी.तिवारी मौजूद रहे तो वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता महताब सिंह कौरव शासकीय ठेकेदार आलमपुर के द्वारा की गई।कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों के द्वारा सर्व प्रथम पूर्व मंत्री,लहार विधायक के पिता स्व.मथुरा सिंह के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किये तथा आयोजन समिति के अध्यक्ष रमाशंकर चौधरी एबं सचिव चौधरी हाकिम सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय कराया तदोपरांत मध्यप्रदेश स्टेट वार काउंसलिंग एसोसिएशन के सचिव जीतेंद्र शर्मा ने कहा कि आज कल खेलो के प्रति रुझान काम होता जा रहा है इस बात से मेरा तात्पर्य यह है कि लोगो मे बहुत रुझान परंतु जिन संस्थाओं के द्वारा खेलो का आयोजन किया जा रहा है उनके प्रति शासन-प्रशासन का रुझान काम होता जा रहा है आज मै इस आयोजन में उपस्थित हुआ और जब मैने इस छोटे से कस्बे में खेल के प्रति इतना उत्साह देखा तो मुझे अत्यधिक प्रसन्नता हुई क्योंकि मेरा मानना है कि हमे तकनीक शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा एवं खेलो को भी प्रोत्साहित करते रहना चाहिए।वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शासकीय ठेकेदार मेहताब सिंह ने कहा कि मै मथुरा सिंह फाउंडेशन समिति को धन्यवाद देता हूँ आज लगातार 15 बर्षो से इस समिति के द्वारा हमारे क्षेत्र के छोटे से कस्बे में इतने बड़े स्तर का आयोजन कराया जा रहा है आज यहाँ आकर मुझे प्रसन्नता हुयी और जब भी इस समिति को मेरी ओर से कोई जरूरत पड़ेगी मै हमेशा तत्पर इसकी सहायता के लिए खड़ा रहूँगा।वहीं क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन में पूल बी का पहला मैच पंजाब व कानपुर के बीच खेला गया।जिसमे पंजाब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।पंजाब बैटिंग करते हुए120 रन बनाकर मात्र 22.1ओवर में ही धराशायी हो गयी।जिसमे पंजाब की ओर से बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए विनय रोहिला ने 27 गेंदों में 45 रन बनाए।जबाब में मैदान में उतरी जबलपुर ने महज 13.4

ऑवर 123 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीत लिया।जिसमे जबलपुर के जयदेव नानी मैंन ऑफ द मैच रहे।अंत मे मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शासकीय ठेकेदार महताब सिंह कौरव के द्वारा प्रदान किया गया।मैच का आँखों देखा हाल रजनीश पालीवाल सर,रामनारायण सर,श्यामू राजोरिया,रामू श्रीवास्तव एवं जीएस कौरव द्वारा सुनाया गया इस मौके पर लाखो दर्शको ने मैच का आनंद लिया कार्यक्रम में आयोजन समिति के सचिव चौधरी हाकिम सिंह संरक्षक नाजिम खान,सहसचिव दबोह नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष रूपनारायण खटीक,पूर्व पार्षद सनाउल्ला खान,स्कोरर ईमरान सर,नीरज यादव,पबन कुशबाह ,दिलीप सोनी,हिमांशु मुदगल मौजूद रहे।इस अवसर पर मुजीव खान,दिलीप नायक,पंकज शर्मा,विनय बिलैया ,सुनील पाल,राकेश रजक,मुबीन खान आदि लोग मौजूद रहे।

थाना मोहना पुलिस ने लूटे गये 05 लाख रूपये कीमत के महिंद्रा कंपनी के ट्रेक्टार को किया बरामद

ग्वालियर। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघीएभापुसे के निर्देश पर चोरोंए लुटेरों व फरारी इनामी बदमाशों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान अति0 पुलिस अधीक्षक ग्वा लियर ग्रामीण श्री जयराज कुबेर तथा एसडीओपी घाटीगांव श्री प्रवीण अह्वाअना ने अपने अधिनस्थर थाना प्रभारियों को मुखबिर तंत्र विकसित कर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आज दिनांक 14.01.2021 को थाना प्रभारी मोहना निरी0 महेश शर्मा को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त0 हुई कि दिनांक 02.01.2021 को ग्राम गधौटा निवासी फरियादी के साथ अज्ञात लुटेरों द्वारा की गई लूट में गये ट्रेक्टार को सिंध नदी के किनारे बामरौल बसई गांव वाले कच्चे रास्ते से आगे टेहटा गांव के पास वीहड़ो में देखा गया है। उक्तक सूचना पर से थाना प्रभारी मोहना ने मय थाना बल के मुखबिर के बताये स्थागन पर पहुंचकर सिंध नदी के किनारे बामरौल बसई गांव वाले कच्चे रास्ते से आगे टेहटा गांव के पास वीहड़ो में छिपे लाल रंग के ट्रेक्टवर को बरामद कर लिया। ट्रेक्टबर के इंजन व चैचिस नंबर का मिलान करने पर उक्तर ट्रेक्टवर फरियादी का होना पाया गया। थाना मोहना पुलिस द्वारा उक्त ट्रेक्टनर ;कीमती 5.00.000. .रूपयेद्धको जप्त किया जाकर लुटेरों की तलाश की जा रही है। ज्ञात हो कि दिनांक 02.01.2021 को ग्राम गधौटा निवासी फरियादी ने अज्ञात बदमाशों द्वारा फरियादी का ट्रेक्टनर महिन्द्रा कंपनी का कीमती 5.00.000 .रूपये का लुट कर ले जाने की रिपोर्ट थाना मोहना में की थी जिस पर से थाना मोहना में अपराध क्रमांक 02.2021 धारा 392 भादवि 11.13 एमपीडीपीके एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर लुटेरों व लूटे गये ट्रेक्टीर की तलाश की

जा रही थी। सराहनीय भूमिका रू उक्त लूटे गये ट्रेक्टनर को बरामद करने में थाना प्रभारी निरी. महेश शर्माए उनि. जे.के.पठानएसउनि केण्बीण् शर्माए आर. अमरनाथ शर्माए अमित कुमारए अमरनाथ शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

कार्यकरिणी की वृहद बैठक का दंदरौआ धाम में हुआ आयोजन

शहर कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

मेहगांव, दंदरौआ। भारतीय नमो संघ भिंड युवा मोर्चा कार्यकारिणी की एक बैठक का आयोजन दंदरौआ धाम मेहगांव मैं किया गया जिसमें भारतीय नमो संघ के प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव शर्मा मौजूद रहे और इस अवसर पर जिला भिंड युवा कार्यकारिणी संगठन विस्तार के तहत युवाओं को जोड़ा गया, भारतीय नमो संघ युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष गौरव शर्मा की अनुशंसा पर प्रदीप गुर्जर को मेहगांव विधानसभा अध्यक्ष, विकास मुद्गल को जिला संगठन मंत्री , नितेश भारद्वाज को अटेर विधानसभा अध्यक्ष , बृजेश सिंह गुर्जर विधानसभा महामंत्री, सुनील दंडोतिया मेहगांव विधानसभा उपाध्यक्ष अनिल विधानसभा सचिव इस अवसर पर सभी नवनियुक्त युवा मोर्चा पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष गौरव शर्मा के द्वारा माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया, इस अवसर पर भारतीय नमो संघ युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गौरव शर्मा जी ने कहा पूरे युवा ही देश का भविष्य है और घर घर मोदी विचारों मोदी नीतियों को पहुंचाना ही नमो संघ का उद्देश्य है आगामी 1 वर्ष के अंदर पूरे ग्वालियर चंबल संभाग में बूथ स्तर तक नमो संघ को का संगठन खड़ा करना हमारा लक्ष्य है,, इस अवसर पर 1 दर्जन से अधिक युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे, इस अवसर पर सभी नवनियुक्त युवा मोर्चा के पदाधिकारियों को युवा मोर्चा प्रदेश टीम की ओर से बधाई प्रेषित की गई बधाई देने वालों में, अभिषेक शुक्ला, नमो संघ यूवा मोर्चा प्रदेश संगठन मंत्री कुलदीप भदोरिया, प्रदेश महासचिव शिवम शर्मा, प्रदेश सचिव राहुल गुर्जर, ग्वालियर जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा युवा प्रदेश संगठन सचिव राहुल सिंह परमार, नमो संघ युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष निश्चल चौधरी, जिला अध्यक्ष भिंड देशराज सहित सभी यूवा मोर्चा पदाधिकारियों ने बधाई दी।

भाकियू ने माँगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मऊरानीपुर (झाँसी) भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष राजाराम राजपूत के नेतृत्व में एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी मऊरानीपुर को सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि केन्द्र सरकार द्वारा बनाये गये किसान विरोधी बिल की प्रतियाँ जलाई गयी। इस पर किसानों ने नारेबाजी करते हुये राष्ट्रपति के नाम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में सरकार तीन किसान विरोधी बिल वापिस ले एमएसपी पर कानून बनाये। जिससे किसान अपना अनाज एमएसपी मूल्य पर बेच सके एवं भाजपा उत्तर प्रदेश मंत्री अशोक जाटव के द्वारा बॉडर पर नकली किसान कहने पर कार्यवाही की माँग की । इस मौके पर अखलेश लिटौरिया, अनीता सिंह , परमेश्वरी दयाल, देवेन्द्र सिंह राजावत, भानु कुशवाहा आदि लोगों के ज्ञापन में हस्ताक्षर थे।

VISION 2030

ग्वालियर शहर में पहली बार हर सेवा और वस्तु बहुत ही सस्ती

जियो रीचार्ज एक माह 199 वाला केवल 180 में।
आइडिया और एयरटेल का रीचार्ज केवल 225/- में 249 वाला।
किराना का सामान सबसे सस्ता।
HOME TUITION का डेमो फ्री वो भी 15 दिन।
केक केवल 180/- में फ्री HOME DELIVERY के साथ।
टिफिन सेंटर खाना बिल्कुल घर जैसा।

ऐसे ही 5 लाख प्रोडक्ट्स और 50 से ज्यादा सेवाएँ
बस एक कॉल या वॉट्सएप्प, हर सेवा आपके पास।

Only WHATSAPP 9425823988
call-9691937250/- 9516003221

एक नजर...

सोनभद्र में सीबीआई की छापेमारी, शिलांग में फर्म के नाम पर हुई धोखाधड़ी की जांच

सोनभद्र । उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में मेघालय की राजधानी शिलांग में फर्म बनाकर कार्य करने और उसके नाम पर धोखाधड़ी के मामले की चल रही जांच के मामले में सीबीआई टीम ने गुरुवार सुबह अनपरा के बजरंग नगर निवासी एक व्यक्ति के यहां छापा मारा और जांच की। सीबीआई आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। शिलांग में एक फर्म के नाम पर करोड़ों रुपये का काम लेकर न कराने और सरकारी धन के गबन के मामले में सीबीआई जांच चल रही है। उसी सिलसिले में सीबीआई को पता चला कि यह फर्म जिस व्यक्ति के नाम पर है, वह सोनभद्र के अनपरा थाना क्षेत्र स्थित बजरंग नगर का निवासी है। सुबह ही दो वाहनों से आई सीबीआई टीम ने जब युवक को हिरासत में लिया और उसे लेकर अनपरा थाने गई तो हड़कंप मच गया। हालांकि टीम में शामिल अधिकारी व अनपरा पुलिस अभी कुछ भी बताने से इनकार कर रही है। सुबह साढ़े नौ बजे से उससे पूछताछ हो रही है।

कोरोना काल में बिजली निगम की लापरवाही ने गोरखपुर-बस्ती मंडल में ले लीं 64 जानें



गोरखपुर। कोरोना संक्रमण काल खण्ड में कोरोना योद्धाओं ने जहां लाखों लोगो की जान बचाई। वहीं बिजली अभियंताओं की लापरवाही की वजह 64 लोगों की जान चली गई। बिजली वितरण नेटवर्क में खामियों की वजह से करंट से मरने वाले लोग गोरखपुर व महराजगंज के है। इन घटनाओं की विद्युत सुरक्षा निदेशालय द्वारा की गई जांच की रिपोर्ट में अभियंताओं की लापरवाही समाने आई है। निदेशालय ने बिजली निगम की जवाबदेही तय करते हुए शासन को अपनी रिपोर्ट भेजी है। बिजली निगम ने 45 मामलो में मुआवजा दे दिया है। शेष बचे मामले में मुआवजा देने की कवायद तेजी से चल रही है। विद्युत सुरक्षा निदेशालय के मुताबिक बड़हलगंज क्षेत्र के पोहिला गांव में बीते 9 जून को गांव के ट्रांसफार्मर से घरों में हाईवोल्टेज करंट दौड़ने से गांव के निवासी व प्रवासी श्रमिक गोरखनाथ मद्देशिया पुत्र सीराम मद्देशिया स्नान करते वक्त करंट की जद में आ गए। मौके पर उनकी मौत हो गई। सूचना पर विद्युत सुरक्षा निदेशालय ने मामलें की जांच में क्षेत्र के जेई व एसडीओं की लापरवाही पाई। निदेशालय ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि ट्रांसफार्मर घटना के तीन दिन पहले खराब हो गया। ट्रांसफार्मर तक जाने वाली 11 केवी सप्लाई का जम्पर कट कर ट्रांसफार्मर के एलटी साइड के तार में चिपक गया। इससे घरों में हाईवोल्टेज करंट दौड़ने लगा। क्षेत्र के जेई व एसडीओ की जिम्मेदारी है कि वे जले ट्रांसफार्मर की बिजली आपूर्ति को बंद कर दें। लेकिन निगरानी में लापरवाही की वजह से ऐसा किसी ने भी नहीं किया।

राम मंदिर निर्माण हेतु समाजसेवी भदोरिया ने दिया पांच लाख का चेक

रिपोर्टर चंबल संभाग संतोष सिंह भदौरिया

गोरमी। जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष एवं जाने-माने समाजसेवी केपी सिंह भदोरिया ने अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर निर्माण हेतु राम मंदिर निर्माण समर्पण निधि में पांच लाख का चेक आज गोरमी खंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राम मंदिर निर्माण समर्पण निधि के पालक समाजसेवी जगदीश दीक्षित राम मंदिर समर्पण निधि के गोरमी खण्ड संयोजक श्री कृष्ण कटारे भागवताचार्य कुंज बिहारी बरुआ राममिलन शर्मा डॉक्टर अक्षय कुमार जैन कल्याण नरवरिया सुभाष शर्मा दिवाकर मिश्रा जय वीर पुरोहित सुभाष थापक मनीष अग्रवाल आदि की उपस्थिति में दान स्वरूप दिया और कहा मुझे बेहद खुशी है कि राम मंदिर के निर्माण में कुछ मेरा भी योगदान हो रहा है इस लिए मैं अपने आप को बड़ा भाग्यशाली समझता हूं क्योंकि खुद के लिए एबम परिवार के लिये घर मकान बंगला तो हर कोई बनाता है लेकिन भगवान के लिए जो मंदिर बन रहा है उसमें समाज के हर व्यक्ति को आगे आकर बढ़-चढ़कर दान देना चाहिए।

श्री राष्ट्रीय छत्रिय महासभा मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह रावत जी के नेतृत्व में आज मकर संक्रांति के पर्व त्यौहार पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में जाकर श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा की तरफ से गुप्त राशि आरएसएस के सह संयोजक मुनेंद्र सिंह कुशवाहा जी को सुपुर्द करते हुए कहा कि अयोध्या में होने वाले मंदिर निर्माण में हमारी यह सहयोग राशि भी एक हिस्सा बने और प्रदेश अध्यक्ष जी के साथ में वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सभी राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा के सदस्य उपस्थित रहे।

देवी-देवताओं पर विवादित टिप्पणी करने वाले कमीडीयन मुन्नवर फारूकी ने हाई कोर्ट से मांगी जमानत

इंदौर। हिंदू देवी-देवताओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियों के आरोप में गिरफ्तारी के बाद करीब पखवाड़े भर से यहां न्यायिक हिरासत के तहत केंद्रीय जेल में बंद गुजरात के हास्य कलाकार मुनव्वर फारूकी ने जमानत पर रिहाई के लिए मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की शरण ली है। आधिकारिक ब्योरे के मुताबिक हाई कोर्ट की इंदौर पीठ में फारूकी की ओर से पेश नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई की संभावित तिथि 15 जनवरी तय की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा की एक स्थानीय विधायक के बेटे की शिकायत पर एक जनवरी को मामला दर्ज करते हुए युवा हास्य कलाकार और चार अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया था। जिला अदालत के एक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और इसके बाद एक सत्र न्यायाधीश फारूकी की जमानत अर्जियां खारिज कर चुके हैं। फारूकी के गुजरात निवासी ससुर युनूस बद्र ईमानी अपने दामाद की गिरफ्तारी के बाद से इंदौर में हैं और जमानत पर हास्य कलाकार की रिहाई के प्रयासों में जुटे उसके वकीलों के संपर्क में हैं। ईमानी ने गुरुवार को बताया, ÷मेरी पिछले शनिवार और बुधवार को केंद्रीय जेल में फारूकी से मुलाकात हुई थी। इस दौरान उसने अपनी पत्नी और घर-परिवार की खैरियत पूछी। उन्होंने कहा कि फारूकी की पत्नी फिलहाल जूनागढ़ में है और जेल अधिकारियों ने न्यायिक हिरासत में बंद हास्य कलाकार से फोन पर उसकी बात कराने से कथित रूप से यह कहते हुए मना कर दिया कि नियम इसकी इजाजत नहीं देते हैं। केंद्रीय जेल के अधीक्षक राकेश कुमार भांगरे ने फारूकी को लेकर कोई विशिष्ट टिप्पणी किए बगैर बताया, जेल मैन्युअल के मुताबिक किसी कैदी के कारागार में आने के बाद 90 दिन तक उसका आचरण देखा जाता है। इसके बाद ही उसे फोन पर बातचीत की सुविधा देने पर विचार किया जाता है। जिला अदालत

में फारूकी की जमानत याचिका पर बहस के दौरान अभियोजन ने प्राथमिकी के इस आरोप पर जोर दिया था कि इंदौर के एक कैफे में 1 जनवरी को आयोजित हास्य कार्यक्रम में हिंदू देवी-देवताओं का भद्दा मजाक उड़ाया गया था और यह कार्यक्रम अश्लीलता से भरा था, जबकि इसके दर्शकों में नाबालिग लड़के-लड़कियां भी शामिल थे। उधर, फारूकी के वकील की ओर से दलील दी गई थी कि प्राथमिकी में हास्य कलाकार के खिलाफ लगाए गए आरोप सरासर अस्पष्ट हैं और उसके खिलाफ राजनीतिक दबाव में मामला दर्ज किया गया। स्थानीय भाजपा विधायक और शहर की पूर्व महापौर मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़ के बेटे एकलव्य सिंह गौड़ ने फारूकी और हास्य कार्यक्रम के आयोजन से जुड़े चार अन्य लोगों के खिलाफ तुकोगंज पुलिस थाने में एक जनवरी की रात मामला दर्ज कराया था। विधायक पुत्र का आरोप है कि इस कार्यक्रम में हिंदू देवी-देवताओं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गोधरा कांड को लेकर अभद्र टिप्पणियां की गई थीं। चश्मदीदों के मुताबिक एकलव्य अपने साथियों के साथ बतौर दर्शक इस कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्होंने कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में जमकर हंगामा किया और कार्यक्रम रुकवाने के बाद फारूकी समेत पांच लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विवादास्पद कार्यक्रम को लेकर पांचों लोगों को भारतीय दंड विधान की धारा 295-ए (किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के इरादे से जान-बूझकर किए गए विद्वेषपूर्ण कार्य), धारा 298 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जान-बूझकर कहे गए शब्द) और अन्य सम्बद्ध प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया था। बाद में इस कार्यक्रम के आयोजन में शामिल होने के आरोप में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था।

15 साल में लड़कियां हो जाती हैं बच्चे पैदा करने लायक

विवादित बयान पर फंसे कांग्रेस नेता, मिला नोटिस

भोपाल। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा को नोटिस जारी किया है। उनसे लड़कियों को लेकर दिए गए उनके अजीबोगरीब बयान पर दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है। आयोग ने नाबालिग लड़कियों के खिलाफ उनके इस तरह के भेदभावपूर्ण बयान के पीछे की मंशा साफ करने के लिए कहा है। आपको बता दें कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा ने लड़कियों की शादी की उम्र 18 से बढ़ाकर 21 करने के विचार का विरोध करते हुए अजीबोगरीब तर्क दिया है। उन्होंने कहा है कि 15 साल की उम्र में ही लड़कियां प्रजनन के लायक हो जाती हैं और 18 साल में परिपक्व हो जाती हैं तो शादी की उम्र 21 साल क्यों हो? सज्जन सिंह वर्मा ने बुधवार को भोपाल प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधा और डॉक्टरों का हवाला देते हुए बच्चे पैदा करने

लायक उम्र 15 बता डाला। उन्होंने कहा, शादी की उम्र 18 साल है तो कौन सा बड़ा वैज्ञानिक या डॉक्टर हो गया शिवराज की शादी की उम्र 21 करेगा। डॉक्टरों की रिपोर्ट है यह कि बच्चियां 15 साल की उम्र में प्रजनन के उपयुक्त पाई जाती हैं, तो 18 साल में परिपक्व हो गई बच्ची, यह माना जाता है वैज्ञानिकों से, उसे रहना चाहिए। 21 साल का लॉजिक आप (पत्रकार) बता दो शिवराज की तरफ से। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को एक कार्यक्रम में कहा था कि देश में लड़कियों की शादी की उम्र 21 साल होनी चाहिए। इसे मुद्दा बनाकर बहस करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने सोमवार को महिला अपराध के उन्मूलन में समाज की भागीदारी के लिए जागरुकता अभियान के कार्यक्रम में कहा, जब लड़के के लिए शादी की उम्र 21 साल है, तो फिर लड़की के परिपक्वता की उम्र भी 21 साल होनी चाहिए।

कारोबारी के ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा

50 करोड़ से ज्यादा की अघोषित संपत्ति का खुलासा

इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर के एक व्यावसायिक समूह के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापे की कार्रवाई के दौरान 50 करोड़ रुपयों से ज्यादा की अघोषित आय सामने आयी है। आयकर विभाग के सूत्रों के अनुसार विभाग की लगभग एक दर्जन टीम तीन दिनों से कार्रवाई में जुटी हुई हैं। अब तक 12 बैंक लॉकर, 100 से ज्यादा बैंक खाते, एक करोड़ रुपयों से अधिक की नगदी और सोने-चांदी के आभूषण मिले हैं। सूत्रों ने बताया कि अब तक 50 करोड़ रुपयों से ज्यादा की अघोषित आय सामने आई हैं। बैंक लॉकर से जमीनों में निवेश संबंधी कागजात मिले हैं। लगभग एक दर्जन ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की गयी। अनुमान है कि कार्रवाई आगामी एक दो दिनों तक जारी रहेगी। व्यावसायिक समूह मुख्य रूप से रीयल ईस्टेट कारोबार से जुड़ा हुआ है।

हर गांव से ग्राम प्रधान पद के लिए कितने लोग भर सकेंगे पर्चा

बदायूं । इस बार पंचायत चुनाव में हर गांव से प्रधान पद के लिए 57 लोग पर्चा भर सकेंगे। पहले प्रधान पद की दावेदारी के लिए 47 पर्चे ही भरे जा सकते थे। जिला निर्वाचन पंचायत को शासन से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने के लिये गाइड लाइन मिल गई है। पंचायत चुनाव में ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, वार्ड मेंम्बर, जिला पंचायत सदस्य के लिये अलग-अलग चुनाव प्रक्रिया आई है। जिसमें सबसे बड़ी राहतभरी खबर दावेदारों के लिये हैं वह जल्दबाजी न करें और तय तारीख पर अपना नामांकन करायें। गांव-गांव पदों के साथ उनकी संख्या भी निर्वाचन आयोग ने भरपूर की है। इसमें एक वार्ड से सदस्य के लिए 18 पर्चा भरे जा सकेंगे। वहीं बीडीसी के लिये 36 पर्चा, ग्राम प्रधान के लिये 57 व जिला पंचायत सदस्य के लिये 53 लोग पर्चा भर सकेंगे। अधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्षों में संख्या 45 से 47 रहती थी लेकिन इस बार बढ़ा दी गई है। अब लोगों का मौका खाली न जायेगा वह भी अपनी दावेदारी कर सकेंगे और चुनाव लड़ सकेंगे।

एक पद पर चार से ज्यादा नहीं भरा जायेगा पर्चा- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन जारी हो गई है। जिसमें साफ कर दिया है कि इस बार चाहे ग्राम प्रधान पद का चुनाव हो चाहे बीडीसी व ग्राम पंचायत सदस्य का चुनाव हो। इसमें एक व्यक्ति चार से ज्यादा पर्चा नहीं भर सकेगा। चारे ज्यादा पर्चा भरे तो स्वता ही सभी पर्चा निरस्त कर दिये जायेंगे। - डॉ. प्रमेंद्र सिंह पटेल, सहायक चुनाव अधिकारी पंचायत बदायूं कहते हैं कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया को निर्वाचन आयोग से गाइड लाइन जारी हो गई है।

यमुना एक्सप्रेस-वे पर भिड़ी कई गाड़ियां, एक की मौत, 12 लोग घायल

मथुरा। यमुना एक्सप्रेस वे पर अलग-अलग स्थानों पर घने कोहरे के चलते हुए हादसों में आधा दर्जन से अधिक वाहन टकरा गए। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं 13 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेजा है। गुरुवार तड़के कोहरे के कारण बलदेव क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 135 पर पिकअप व बस में टक्कर हो हुई। इसमें पिकअप चालक रहीम निवासी सवाई माधोपुर की मौत हो गयी जबकि नौ लोग घायल हो गए। आठ गम्भीर घायलों को आगरा के एस एन हॉस्पिटल में भर्ती है। एक मथुरा में इलाज करा रहा है। वही राया क्षेत्र अंतर्गत माइलस्टोन 109 के समीप दो कैंटर आपस में टकरा गए। तभी पीछे से आ रही कई कार भी टकरा गईं। सूचना पर पुलिस मौके पहुंच गई। थाना प्रभारी राया शिव प्रताप सिंह ने बताया कैंटर चालक समेत दो लोग घायल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए भेज दिया है। कैंटर को क्रेन से हटाया जा रहा है।

पत्नी को पानी ढोने से निजात दिलाने के लिए 15 दिनों में खोदा 31 फीट गहरा कुआं

गुना। पत्नी को रोजाना आधा किलोमीटर दूर से पीने का पानी सिर पर ढोकर लाने से दुखी 46 वर्षीय एक गरीब मजदूर ने उसे तोहफा देने के लिए 15 दिन में अपनी झोपड़ी के पास खुद का कुआं खोद दिया और उसे पानी ढोने की समस्या से निजात दिलाई। यह तोहफा मध्यप्रदेश के गुना जिले के चाचौड़ा तहसील के भानपुर बावा गांव में रहने वाले भरत सिंह ने अपनी पत्नी सुशीला को दो माह पहले दी है। इससे ना केवल उसकी पत्नी को आधा किलोमीटर दूर से सिर पर पानी ढोकर लाने से निजात मिली, बल्कि अपनी आधा बीघा जमीन की सिंचाई करने की व्यवस्था भी हो गई। भरत सिंह ने बुधवार को बताया, हमारे घर में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं थी। मेरी पत्नी को आधा किलोमीटर दूर हैंडपंप पर पानी लेने जाना पड़ता था। इसमें उसे कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई बार हैंडपंप खराब हो जाने के कारण बिना पानी के ही रहना पड़ता था। उन्होंने आगे कहा, एक दिन जब हैंडपंप खराब होने के चलते पत्नी सुशीला बिना पानी के लौटी और उसने मुझे बताया, तो पत्नी की इसी परेशानी को देखते हुए मैंने अपने घर पर ही कुआं खोदने की ठान ली। उन्होंने कहा कि 15 दिन की लगातार कड़ी मेहनत के बाद मैंने छह फीट व्यास वाला गोल 31 फीट गहरा कुआं खोद दिया और इस कुएं को ईंट, सीमेंट एवं रेत से पक्का भी कर दिया।

कमेलर को ब्लैकमेल करने के बाद खुला यूपी में 36 बच्चों के साथ यौन शोषण का केस

15 लाख में हुआ पेनड्राइव सौदा

उरई । यूपी के उरई में 36 बच्चों के साथ यौन शोषण मामले की कहानी ब्लैकमेलर को ब्लैकमेल करने की भी है। आरोपी रिटायर लेखपाल रामबिहारी की माडस आपरेंडी हर बार जोखिम उठाने की नहीं थी। वह जिन गरीब बच्चों को पहली बार शिकार बनाता था, उन्हें ही वीडियो दिखा कर लगातार ब्लैकमेल करता था। उसकी ब्लैकमेलिंग से परेशान बच्चों के साथ मिलकर इलाके के कुछ लोगों ने उसे ही ब्लैकमेल करने का प्लान बना डाला। उन्होंने दो पीड़ित बच्चों से रामबिहारी के घर में चोरी करा दी। एक पेनड्राइव और एक हार्ड डिस्क बच्चे उठा लाए। उसके बाद रामबिहारी से रकम की मांग की गई।

पुलिस के मुताबिक चोरी कराने वालों ने उससे 20 लाख रुपए मांगे। हार्डडिस्क और पेनड्राइव वापस पाने को बेताब रामबिहारी उन्हें 15 लाख रुपए देने को तैयार हो गया। लेकिन पीड़ित बच्चों में से एक इसके लिए तैयार नहीं हुआ। इस पर आपस में मारपीट हो गई। मारपीट का एक वीडियो वायरल हो गया। तब पीड़ित बच्चों को लगा कि अब सारा भेद खुलने वाला है। वे मंगलवार की रात पुलिस तक पहुंच गए। जब पुलिस ने वीडियो देखे तो उसके होश उड़ गए। रिपोर्ट दर्ज कर एसपी को सूचना दी गई। तत्काल दबिश मार कर रामबिहारी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक आठ जनवरी को रामबिहारी ने कोतवाली में तहरीर दी थी कि उसके घर से हार्डडिस्क चोरी हो गई है, जिसके कवर में 20 हजार रुपए थे। उसने बताया कि मोहल्ले के तीन लोगों ने दो बच्चों से चोरी कराई है। तहरीर के बाद लेखपाल और चोरी कराने वालों से सौदेबाजी शुरू हुई, जो 20 लाख से शुरू होकर 15 लाख पर तय हो गई थी। बिचौलियों के बीच रकम बंटवारे को लेकर विवाद हो गया और लेखपाल की करतूत उजागर हो गई।

सीएम योगी ने कार्यकर्ताओं को दिया मंत्र, बोले-

भाजपा सिर्फ जिला पंचायत के चुनाव लड़ेगी लेकिन प्रधानी के चुनाव पर रखें नज़र

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा आज देश ही नहीं बल्कि दुनिया की सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। संगठन में कार्यकर्ता के रूप में किसी दायित्व में रह कर कार्य करना गौरव की बात है। हम जिस भी दायित्व में रहे, अपना कार्य ईमानदारी से करें। संगठन के वैचारिक अधिष्ठान के प्रचार और प्रसार में कोई कोर कसर न छोड़े। सीएम, बुधवार को सर्किट हाउस स्थित एनेक्सी भवन में भाजपा के गोरखपुर क्षेत्र के पदाधिकारियों के परिचयात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने क्षेत्रीय पदाधिकारियों से कहा कि आपको एक बहुत बड़े क्षेत्र की जिम्मेदारी मिली है इसलिए कार्य और व्यवहार से अपने को साबित करना होगा। जब संगठन और सरकार एक दल की हो तो जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। जनता ने जो विश्वास भाजपा को दिया है उस पर खरा उतरना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। केंद्र और प्रदेश सरकार ने हर क्षेत्र में कार्य करके विकास को गति दिया है। कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच ताल ठोक कर रखें। जनता के बीच में सरकार की अच्छी धारणा बनाएं। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष डा. धर्मेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री समेत सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में प्रदेश महामंत्री एवं गोरखपुर क्षेत्र प्रभारी अनूप गुप्ता, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डा. सत्येन्द्र सिन्हा, विश्वजिताशु सिंह आशू, महामंत्री प्रदीप शुक्ला,क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी बच्चा पांडेय नवीन, क्षेत्र के सभी जिलाध्यक्ष मौजूद रहे।

भाजपा केवल जिला पंचायत चुनाव लड़ेगी- योगी आदित्यनाथ ने पंचायत चुनाव की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए संगठन ने मानक तय किया है। भाजपा केवल जिला पंचायत का चुनाव लडेगी। बाकी पदों पर हमें हस्तक्षेप नहीं करना है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ग्राम पंचायतों में गलत लोग चुन कर चले जाए। हमारा प्रयास रहना चाहिए कि ग्राम पंचायतों में अच्छे लोग चुन कर जाएं और ये लोग भाजपा से भावनात्मक लगाव रखे। मुख्यमंत्री ने संगठन की मजबूती के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर बूथ को जीतने के आह्वान को दोहराते हुए कहा कि जब सफलता संगठनात्मक होगी तो हमारा वैचारिक अधिष्ठान भी मजबूत होगा। **2022 के विधानसभा चुनाव की अभी से करें तैयारी-**मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि 2022 के विधानसभा चुनाव के लिए अभी से तैयारियां करें। 24 मार्च को प्रदेश में भाजपा सरकार का चार साल और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार का कार्यकाल का 7साल पूरा होगा। प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर एक पुस्तक भी उपलब्ध होगी। उपलब्धियों को जनता तक ले जाए। इसके लिए सोशल मीडिया का भी सहारा लें। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के हर ट्विट को रीट्वट करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार में टेक्नोलॉजी के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कोरोना से निपटने के लिए प्रदेश सरकार के प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। कहा कि कोरोना की वैश्विक महामारी से टेक्नोलॉजी के बल पर ही जीत रहे हैं। वैक्सीन पहले तीन अलग अलग चरणों में लगेगा।

सम्पादकीय

अमेरिका की साख पर बट्टा

रिपब्लिकन पार्टी क्या जनादेश को स्वीकार नहीं कर पा रही है, या राष्ट्रपति चुनाव में धांधली के उसके आरोप वाकई सही हैं? अमेरिकी संसद भवन 'कैपिटल हिल बिल्डिंग' की घटना इस बाबत काफी कुछ संकेत दे रही है। जो खबरें अब तक सामने आई हैं, उनके मुताबिक, रिपब्लिकन समर्थकों ने संसद भवन पर कब्जा करने की असफल कोशिश की, जिसमें उन्होंने हिंसा का भी सहारा लिया। लोकतंत्र के मंदिर पर इस हिंसक हमले का दुष्प्रभाव तो बाद के दिनों में पता चलेगा, लेकिन रिपब्लिकन समर्थकों की इस आक्रामकता के कई मकसद हो सकते हैं। पहली और बड़ी वजह रिपब्लिकन का सीनेट, यानी ऊपरी सदन में भी बहुमत खो देना है। सीनेट में 100 सदस्य होते हैं, और इसमें रिपब्लिकन सांसद डेमोक्रेट्स पर भारी थे। जॉर्जिया की दो सीटों को छोड़ दें, तो उसके 50 सदस्य सीनेट में थे। मगर हालिया चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी ने जॉर्जिया में जीत हासिल कर ली है। इसका मतलब है कि अब इस सीनेट में दोनों पार्टियों के बराबर-बराबर सांसद हो गए हैं। ऐसे में, हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स (निचला सदन) से पारित विधेयक आसानी से सीनेट से भी पास हो सकते हैं, क्योंकि मत-विभाजन की स्थिति में उप-राष्ट्रपति का शपथ लेने जा रहीं कमला हैरिस का मत निर्णायक होगा, जो डेमोक्रेट के पक्ष में ही जाएगा। इसमें कोई शक नहीं है कि अमेरिका के अंदर सामाजिक विद्वेष काफी ज्यादा बढ़ गया है। राष्ट्रपति चुनाव में भी हमने यह देखा है। स्थिति यह है कि श्वेत नस्ल के नागरिक अपना अलग आंदोलन चलाते हैं, तो अश्वेत अलग तरीके से अपने हक-हुकूक की आवाज बुलंद करते हैं। यहां नस्लीय भेदभाव की समस्या बेशक पहले से रही है, लेकिन ट्रंप के शासनकाल में यह ज्यादा गहरी हुई है। इसका असर राजनीति में भी दिख रहा है और तमाम समुदाय अपने-अपने प्रतिनिधित्व की मांग करने लगे हैं। चूंकि दो साल बाद फिर से कुछ सीटों के लिए सीनेट के चुनाव होंगे, इसलिए रिपब्लिकन पार्टी सदन में फिर से बहुमत के लिए जोर आजमाइश करना चाहेगी। यह पार्टी चाहेगी कि चुनाव में पूरे दम-खम से मुकाबला किया जाए, ताकि सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी को 'मनमर्जी' करने से रोका जा सके। लिहाजा संसद भवन पर हमला अपने समर्थकों में जोश भरने की मंशा से किया गया कृत्य हो सकता है। रिपब्लिकन यह कभी नहीं चाहेंगे कि डेमोक्रेट उन नीतियों को बदलने की सोचें, जो ट्रंप शासनकाल में बनाई गई हैं। वे डेमोक्रेट को यह संदेश देना चाहते होंगे कि ऐसी किसी कवायद में उसे हिंसक विरोध तक झेलना पड़ सकता है, और अगर अगले सीनेट चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी ने बाजी मार ली, तो किसी भी बिल को पारित कराना डेमोक्रेट के लिए काफी मुश्किल हो जाएगा। एक मकसद रिपब्लिकन पार्टी का अपने सांसदों को संदेश देना भी हो सकता है। दरअसल, कांग्रेस में मुद्दों के आधार पर दोनों पार्टियां एक-दूसरे का समर्थन करती रही हैं। कभी-कभी तो आलाकमान के खिलाफ भी ऐसा किया जाता है। रिपब्लिकन नेतृत्व को संभवत- यह डर हो कि कांग्रेस के उसके प्रतिनिधि यदि डेमोक्रेट का समर्थन करने लगेंगे, तो वह पार्टी पर अपनी पकड़ खो सकते हैं। फिर, एक संदेश उन सीटों के संभावित प्रतिनिधियों को भी देना हो सकता है, जहां दो साल बाद चुनाव होने वाले हैं। संभव है, रिपब्लिकन नेतृत्व स्थानीय इकाइयों की दखलंदाजी के बिना अपने तईं प्रतिनिधियों का चयन करना चाहता होगा। अब सवाल यह है कि इस हिंसक घटनाक्रम का बाइडन प्रशासन पर क्या असर पड़ेगा? इसका ठीक-ठीक पता तो जनवरी के दूसरे पखवाड़े में चलेगा, जब जो बाइडन अमेरिका के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। मगर ऐसा लगता है कि अमेरिका की विदेश नीति में हाल-फिलहाल शायद ही कोई फेरबदल हो। मुमकिन है कि बाइडन उन्हीं नीतियों का पोषण करेंगे, जो रिपब्लिकन शासनकाल में बनाई गई हैं। हां, घरेलू मोर्चे पर कुछ बदलाव देखे जा सकते हैं।

जानलेवा बनता सूक्ष्म प्लास्टिक

योगेश कुमार गोयल

लाल व श्वेत रक्त कोशिकाओं के संपर्क में आने के बाद माइक्रो व नैनो प्लास्टिक एक विशेष प्रकार की रासायनिक प्रक्रिया उत्पन्न करते हैं, जिससे रक्त कोशिकाएं मर जाती हैं और इनके मरने के बाद यह जहर धीरे-धीरे शरीर में अन्य कोशिकाओं को भी मारता जाता है।वैज्ञानिकों का मानना है कि माइक्रो प्लास्टिक कण ऐसे जहरीले पदार्थों के संवाहक के रूप में कार्य कर सकते हैं, जो बच्चे की प्रतिरोधक प्रणाली को नुकसान पहुंचा सकते हैं और इस कारण उनमें रोगों से लड़ने की क्षमता घट सकती है। माइक्रो प्लास्टिक कणों में पैलेडियम, क्रोमियम, कैडमियम जैसी जहरीली भारी धातुएं शामिल होती हैं। प्लास्टिक का यह प्रदूषण बेहद खतरनाक इसलिए है, क्योंकि ये कण इतने सूक्ष्म होते हैं, जिन्हें सामान्य आंखों से देख पाना संभव नहीं है। प्लास्टिक के ये कण बड़ी आसानी से रक्त के जरिये शरीर में पहुंच सकते हैं। प्लास्टिक के एक माइक्रोमीटर से पांच मिलीमीटर के टुकड़ों को माइक्रो प्लास्टिक कहा जाता है।

माइक्रो प्लास्टिक और नैनो प्लास्टिक के खतरों पर भारत सहित कई देशों में अध्ययन हो रहे हैं। ऐसे ही अध्ययनों के नतीजों में पाया गया है कि प्लास्टिक के अत्यंत सूक्ष्म कण मानव शरीर के लिए जानलेवा बनते जा रहे हैं, जो शरीर में जमा हो कर रक्त प्रवाह में बाधा उत्पन्न करते हैं। कुछ समय पूर्व अमेरिकन केमिकल सोसायटी के एक अध्ययन में ऐसे सैंतालीस नमूनों की जांच करने पर वैज्ञानिकों ने प्लास्टिक संदूषण पाया था। अध्ययन में फेफड़ों, यकृत, गुर्दे आदि से लिए गए नमूनों में माइक्रो प्लास्टिक और नैनो प्लास्टिक मिला था। इन सभी नमूनों में बीपीए (बिस्फेनॉल ए) रसायन भी पाया गया, जिसका इस्तेमाल तमाम स्वास्थ्य चिंताओं के बावजूद खाद्य पैकेजिंग में किया जा रहा है।

हाल में एनवायरमेंट इंटरनेशनल पत्रिका में छपे एक शोध में इस बात का खुलासा हुआ है कि पृथ्वी के प्रत्येक कोने तक पहुंच चुका माइक्रो प्लास्टिक पहली बार अजन्मे शिशुओं के नाल में भी मिला है। अजन्मे बच्चे की नाल का निर्माण गर्भवस्था के दौरान गर्भाशय में होता है और इस नाल के जरिये ही बच्चे को पेट के अंदर ऑक्सीजन और भोजन मिलता है व अपशिष्ट पदार्थ बाहर निकलते हैं। अजन्मे बच्चे की नाल तक माइक्रो प्लास्टिक का पहुंचना असाधारण चिंता का विषय है।

इस शोध के दौरान अठारह से चालीस वर्ष आयु की छह महिलाओं में गर्भनाल का विश्लेषण करने पर चार में माइक्रो प्लास्टिक के कण मिले थे। महिलाओं में पांच से दस माइक्रोन आकार के बारह माइक्रो प्लास्टिक के टुकड़े मिले, जिनमें से पांच टुकड़े भ्रूण में और चार माताओं के शरीर में और तीन कोरियोएम्नियोटिक झिल्ली में पाए गए। नाल में मिले माइक्रो प्लास्टिक सिंथेटिक यौगिकों से युक्त थे और इन बारह टुकड़ों में से नौ टुकड़ों में सिंथेटिक पेंट सामग्री थी, जिसका इस्तेमाल क्रीम, मेकअप या नेलपॉलिश बनाने में होता है और तीन की पहचान पॉलीप्रोपाइलीन के रूप में की गई, जिसका प्रयोग प्लास्टिक की बोतलें बनाने में किया जाता है। हालांकि शोधकताओं ने नाल के केवल चार फीसद हिस्से का ही अध्ययन किया था। दस माइक्रोन तक के ये सभी कण आसानी से रक्त के जरिए बच्चे के शरीर में जा सकते थे। शोधकताओं के मुताबिक ये कण मां की सांस और मुंह के जरिए ही भ्रूण में पहुंचे होंगे।

वैज्ञानिकों का मानना है कि माइक्रो प्लास्टिक कण ऐसे जहरीले पदार्थों के संवाहक के रूप में कार्य कर सकते हैं, जो बच्चे की प्रतिरोधक प्रणाली को नुकसान पहुंचा सकते हैं और इस कारण उनमें रोगों से लड़ने की क्षमता घट सकती है। माइक्रो प्लास्टिक कणों में पैलेडियम, क्रोमियम, कैडमियम जैसी जहरीली भारी धातुएं शामिल होती हैं। प्लास्टिक का यह प्रदूषण बेहद खतरनाक इसलिए है, क्योंकि ये कण इतने सूक्ष्म होते हैं, जिन्हें सामान्य आंखों से देख पाना संभव नहीं है। प्लास्टिक के ये कण बड़ी आसानी से रक्त के जरिये शरीर में पहुंच सकते हैं। प्लास्टिक के एक माइक्रोमीटर से पांच मिलीमीटर के टुकड़ों को माइक्रो प्लास्टिक कहा जाता है। इन सूक्ष्म कणों के बढ़ते खतरे को इसी से समझा जा सकता है कि माइक्रो प्लास्टिक अब पृथ्वी पर हर जगह मिलने वाले कणों में से एक हैं। दुनिया के सबसे ऊंचे ग्लेशियर हों या गहरे समुद्र, हर जगह प्लास्टिक ये अतिसूक्ष्म कण मौजूद हैं।

कुछ समय पूर्व एक शोध में यह तथ्य सामने आया था कि वर्षभर में हर मनुष्य में करीब दस हजार माइक्रो या नैनो प्लास्टिक के टुकड़े भोजन या पेय पदार्थों या सांस के जरिए शरीर में पहुंच जाते हैं। कनाडा के वैज्ञानिकों ने भी अपने एक शोध के दौरान माइक्रो प्लास्टिक की मौजूदगी को लेकर आंकड़ों का विश्लेषण करने पर पाया था कि सालभर में एक व्यस्क व्यक्ति माइक्रोप्लास्टिक के करीब बावन हजार टुकड़े केवल भोजन और पानी के जरिए ही शरीर में पहुंचा चुका होता है और अगर इसमें वायु प्रदूषण को भी शामिल कर लिया जाए तो प्रतिदिन करीब तीन सौ बीस यानी सालभर में सवा लाख माइक्रो प्लास्टिक के टुकड़े खान-पान और सांस के जरिये शरीर में समा सकते हैं। यह भी सामने आ चुका है कि बोतलबंद पानी में भी प्लास्टिक के ये सूक्ष्म कण मौजूद रहते हैं। ब्रिटेन में हैरियट वॉट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता भी अपनी एक रिपोर्ट में खुलासा कर चुके हैं कि हम हर बार जब भी खाना खाने बैठते हैं तो भोजन के साथ सौ से भी ज्यादा सूक्ष्म कण हमारे पेट में पहुंच जाते हैं। दरअसल एक बार इन शोधकताओं ने प्रयोगशाला में इस्तेमाल होने वाली पैंट्री डिश में प्लास्टिक के सूक्ष्म कण देखे तो उन्होंने विचार किया कि प्रयोगशाला की पैंट्री डिश में अगर प्लास्टिक के इतने सूक्ष्म कण हैं तो घर में भोजन की थाली में ऐसे कितने कण होते होंगे, जो अपेक्षाकृत इससे बड़ी होती है। यही जानने के लिए उन्होंने भोजन की थाली में प्लास्टिक के सूक्ष्म कणों की मौजूदगी का पता लगाने के लिए शोध किया और पाया कि भोजन की एक बड़ी थाली में औसतन प्लास्टिक के एक सौ चौदह सूक्ष्म कण होते हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार ब्रिटेन में एक व्यक्ति प्रतिवर्ष इसी प्रकार भोजन के जरिये प्लास्टिक के 68415 सूक्ष्म कण निगल लेता है।

प्लास्टिक के ये सूक्ष्म कण आज हर जगह मौजूद हैं, चाहे वह दरी या कालीन हों, कुर्सी, सोफा और यहां तक कि हमारे कपड़ों में भी इन कणों की मौजूदगी हो सकती है, जिन्हें हम देख नहीं पाते और न चाहते हुए भी ये सांस के जरिये हमारी दैनिक खुराक का हिस्सा बनते रहते हैं। कार के टायरों, निर्माण मलबे और सौंदर्य प्रसाधन सामग्री में मौजूद रबर के घर्षण से भी माइक्रो प्लास्टिक आ सकता है। पेय पदार्थों की बोतलों और प्लास्टिक की टूटी-फूटी थैलियों से माइक्रो और नैनो प्लास्टिक दुनिया के हर कोने में पर्यावरण को दूषित करने के जिम्मेदार पाए गए हैं। मानव शरीर पर इनके प्रभावों को जानने के लिए दुनियाभर में इस पर गहन शोध हो रहे हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार इनके दुष्प्रभावों के शुरूआती संकेत तो यही हैं कि प्लास्टिक रसायनों या कणों के कारण होने वाली सूजन से पाचन अंगों को नुकसान हो सकता है।

हम कितनी भी सावधानी बरतें, लेकिन हवा में तैरते प्लास्टिक के ये सूक्ष्म कण सांस के जरिये अपने भीतर प्रवेश करने से हम नहीं रोक सकते। वैज्ञानिकों का कहना है कि माइक्रो प्लास्टिक को इंसान के शरीर में जाने से रोकने के लिए सबसे बेहतर और कारगर तरीका सिर्फ यही है कि प्लास्टिक का निर्माण और उपयोग न्यूनतम किया जाए। माइक्रो प्लास्टिक के कण हवा और भोजन के अलावा लिपिस्टिक, शैंपू और पानी की बोतलों के जरिये भी हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं और खून के प्रोटीन के साथ चिपकते जाते हैं, जिससे शरीर में रक्त प्रवाह रुकने लगता है और रक्त में मौजूद प्रोटीन काम करना बंद कर देते हैं। शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने पाया कि लाल व श्वेत रक्त कोशिकाओं के संपर्क में आने के बाद माइक्रो व नैनो प्लास्टिक एक विशेष प्रकार की रासायनिक प्रक्रिया उत्पन्न करते हैं, जिससे रक्त कोशिकाएं मर जाती हैं और इनके मरने के बाद यह जहर धीरे-धीरे शरीर में अन्य कोशिकाओं को भी मारता जाता है। अमेरिकन केमिकल सोसायटी के चार्ल्स रोलस्की कहते हैं कि आप अब दुनिया के हर स्थान पर प्लास्टिक को पर्यावरण को दूषित करते हुए पा सकते हैं और कुछ ही दशकों में हम प्लास्टिक को एक अद्भुत लाभ के रूप में देखने के बजाय बड़े खतरे के रूप में देखने लगे हैं।

मकर संक्रांति विशेष:भीष्म पितामह की मृत्यु का रहस्य

हमारी भारतीय संस्कृति आनंद मूलक, आनंद लक्षी और आनंद सृजक संस्कृति है। इसका प्रमुख कारण हैं- हमारे उल्लास पूर्ण पर्व और उत्सव। परन्तु इन पर्वों का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक अभिप्राय न समझने के कारण हम इनकी वास्तविक गरिमा से जुड़ नहीं पाते हैं। इनके लाभों से भी सर्वथा वंचित रह जाते हैं। पर्वों की परम्पराएँ हमारे लिए कर्मकांडों का व्यापार बनकर रह जाती हैं। इसलिए आज जनवरी माह के एक सांस्कृतिक पर्व में निहित परम कल्याणकारी आध्यात्मिक अर्थ को समझने का प्रयास करते हैं। यह पर्व है- मकर संक्रांति। इसे उत्तरायण की आरंभिक बेला भी कहते हैं। आइए, इस पर्व के गूढ़ार्थ में उतरें। यह घटना महाभारत कालीन है। भीष्म पितामह शर शैय्या पर लेटे हुए थे। उन्हें इच्छा मृत्यु का वरदान प्राप्त था। इसलिए वे अपने प्राण त्यागने के लिए एक महत्त्वपूर्ण घड़ी की प्रतीक्षा कर रहे थे। वे ऐसा क्यों कर रहे थे? शरों की शैय्या पर, रक्तरंजित स्थिति में कष्ट क्यों उठा रहे थे? इसका उत्तर हमें पौराणिक ग्रंथ देते हैं। ऐसा वर्णित है कि भीष्म पितामह सूर्य के उत्तरायण में जाने की प्रतीक्षा कर रहे थे। सांस्कृतिक भारतवर्ष में ऐसी मान्यता रही है कि उत्तरायण में प्राण त्यागने वाले सद्गति को प्राप्त होते हैं। इसके विपरीत दक्षिणायन में प्राण त्यागने वाले दुर्गति को प्राप्त होते हैं। आइए, सबसे पहले इस मान्यता को खगोलीय दृष्टिकोण से समझते हैं। अगर हम पृथ्वी के मानचित्र को देखें, तो उसमें तीन प्रमुख रेखाएँ पृथ्वी से होकर गुज़रती दिखती हैं। इसमें पहली है, कर्क रेखा। दूसरी है, विषुवत रेखा या भूमध्य रेखा और तीसरी है, मकर रेखा। विषुवत रेखा पृथ्वी के मध्य से गुज़रती है। विषुवत रेखा के उत्तर के भाग को उत्तरी गोलार्ध तथा दक्षिणी भाग को दक्षिणी गोलार्ध कहा जाता है। अंतरिक्ष में पृथ्वी के घूमने के कारण वर्ष भर में सूर्य आधा समय उत्तर पूर्व की और आधा समय दक्षिण पूर्व की तरफ जाता आता दिखाई देता है। इसी प्रक्रिया में सूर्य 'मकर रेखा' तक जाता है। मकर रेखा पर पहुँचने की स्थिति को 'मकर संक्रांति' कहा जाता है। मकर संक्रांति के पश्चात? सूर्य ऊपर या उत्तर दिशा को ओर बढ़ता है। सूर्य की इस उत्तर गति को 'उत्तरायण' की संज्ञा दी गई है। उत्तर में 'आयन' अर्थात? गतिशीलता। इससे उत्तरी गोलार्ध में दिन का समय बढ़ने और रात्रि का समय घटने लगता है। सूर्य सिद्धांत के अनुसार 'मकर संक्रांति' (14 जनवरी) से 'कर्क संक्रांति' (16 जुलाई) के बीच का समय (6 माह) 'उत्तरायण' काल कहलाता है। इसमें सूर्य की गति मकर रेखा से कर्क रेखा की ओर होती है। इसी का पूरक है, %दक्षिणायन%, जो अगले 6 माह अर्थात? 'कर्क संक्रांति' से 'मकर संक्रांति' तक का काल होता है। इसमें सूर्य की गति कर्क रेखा से मकर रेखा की ओर होती है। अब यहाँ एक बात विचारणीय है। जो खगोलीय तथ्य ऊपर लिखे गए, अगर उन्हें ज्यों का त्यों माना जाए, तो बड़ा विचित्र आशय सामने उभर कर आता है। यह कि साल के आधे महीनों में (मकर संक्रांति से कर्क संक्रांति तक) मृत होने वाले लोग अपने आप सद्गति को प्राप्त होते हैं। वहीं साल के अगले 6 महीनों (कर्क संक्रांति से मकर संक्रांति तक) में मरने वाले अधोगति को प्राप्त होते हैं। परन्तु क्या 'मृत्यु' और 'गति' के बीच में इतना स्थूल सम्बन्ध हो सकता है? हमारी भारतीय संस्कृति में तो बिल्कुल भी नहीं! इसलिए हमें इस पूरे प्रकरण को शास्त्रीय दृष्टि से भी समझना होगा। प्रश्नोपनिषद्? (1/9) में ऋषि कहते हैं- संवत्सरो वै प्रजापतिस्तस्यायने दक्षिणं चोत्तरं च। तद्ये ह वै तदिष्टापूर्ते कृतमित्युपासते ते चान्द्रमसमेव लोकमभिजयन्ते। त एव पुनरावर्तन्ते तस्मादेत ऋषयः प्रजाकामा दक्षिणं प्रतिपद्यन्ते। एष ह वै रयिर्यः पितृयाणः॥ अर्थात् संवत्सर (वर्ष) के दो भाग हैं। छह मास तक सूर्य दक्षिण दिशा की तरफ जाता है। इस काल को 'दक्षिणायन' कहते हैं। छह मास तक वह उत्तर दिशा की ओर जाता है। इस समय को 'उत्तरायण' कहते हैं। जो सकाम भाव से कर्म करते हैं, फल-लाभ की इच्छा रखते हैं, सांसारिक भोगों को चित्त में स्थान देते हैं- ऐसे लोग जन्म-मरण के चक्र में फँसे रहते हैं। इनका मार्ग 'दक्षिणायन' है। इसे 'रयि मार्ग' भी कहते हैं, जिसमें भोग-वृत्तियाँ अत्यंत प्रबल होती हैं। पुत्र-पौत्रों की कामना और मोह ज़ोर मारता रहता है। इसलिए यह मार्ग 'पितृयाण' अर्थात? पिता-पितामह बनने का मार्ग भी कहलाता है। इसके विपरीत जब सूर्य उत्तर की ओर प्रस्थान करता है, तब मनुष्य में त्याग व निवृत्ति भाव उमड़ने लगता है। यह दिव्य भाव उत्पन्न कर देव स्वरूप होने का मार्ग है। इसे 'उत्तरायण' या 'देवयान' मार्ग भी कहते हैं। गीता के आठवें अध्याय में श्लोक (23-26) में भगवान श्री कृष्ण भी अर्जुन से यही गूढ़ तथ्य कहते हैं- यत्र काले त्वनावृत्तिमावृत्तिं चैव योगिनः। प्रयाता यान्ति तं कालं वक्ष्यामि भरतर्षभ॥ अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायणम्?। तत्र प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः॥ धूमो रात्रिस्तथा कृष्णः षण्मासा दक्षिणायनम्। तत्र चान्द्रमसं ज्योतिर्योगी प्राप्य निवर्तते॥ शुकलकृष्णे गती ह्येते जगतः शाश्वते मते। एकया यात्यनावृत्तिमन्ययावर्तते पुनः॥ अर्थात? हे भरतकुलश्रेष्ठ अर्जुन! जिन कालों अथवा मार्गों में प्राण त्यागकर गए आस्तिकजन अनावृत्ति (अपुनर्जन्म) और आवृत्ति (पुनर्जन्म) को प्राप्त होते हैं, उन कालों या मार्गों को मैं तुमसे कहूँगा। अग्नि, ज्योति, दिन, शुक्लपक्ष तथा 6 मास वाला उत्तरायण- इनसे युक्त मार्ग पर मृत्यु के उपरान्त जब योगीजन बढ़ते हैं, तो वे ब्रह्म को प्राप्त होते हैं। धूम, रात्रि, कृष्णपक्ष तथा 6 माह वाला दक्षिणायन- इनसे युक्त मार्ग पर जब मृत्योपरांत मनुष्य जन बढ़ते हैं, तो वे चन्द्रमा की ज्योति पाकर अर्थात? स्वर्ग सुख भोगकर वापिस पृथ्वी पर लौट आते हैं। ये दो प्रकार के 'शुक्लपक्ष' (देवयान) और 'कृष्णपक्ष' (पितृयाण) मार्ग सनातन माने गए हैं। एक से मनुष्य अनावृत्ति अर्थात? अपुनर्जन्म को, दूसरे से आवृत्ति अर्थात? पुनर्जन्म का प्राप्त होता है। इन शास्त्रीय विवेचनाओं से यह स्पष्ट सिद्ध होता है कि बात सिर्फ उत्तरायण और दक्षिणायन 'काल% की ही नहीं, 'मार्ग' की भी है। मनुष्य की 'मनोवृत्ति' और 'साधना-प्रकार' की भी है। महापुरुषों ने 'कर्मकाण्ड मार्ग' की तुलना में 'ज्ञान मार्ग' को श्रेष्ठ बताया है। बाह्य नहीं, अंतर्जगत की साधना को उत्तम घोषित किया है। इसलिए इस प्रकरण को हमें आंतरिक परिप्रेक्ष्य में ज़रूर समझना चाहिए। वास्तव में, इस सृष्टि का एक अद्भुत रहस्य है- 'जो ब्रह्मण्डे सोई पिण्डे' अर्थात? जो खगोलीय क्रम बाहरी ब्रह्माण्ड में है, वही हमारे शरीर के भीतर अंतर्जगत में भी है। हृदय से हमारे सिर की ओर का भाग 'उत्तर' और पाँव की ओर का भाग 'दक्षिण' को सम्बोधित करता है। योगिक भाषा में कहें, तो 'अनाहत चक्र' से ऊपर 'सहस्रार चक्र' तक का भाग 'उत्तरायण पथ' कहलाता है। इसके विपरीत 'अनाहत चक्र' से नीचे 'मूलाधार चक्र% तक का भाग 'दक्षिणायन पथ' कहलाता है। उपनिषदों में ब्रह्मरंध्र (सहस्रार चक्र) को 'ब्रह्मलोक' कहा गया है। जैसे छान्?दोग्योपनिषद्? (8/1/1) ब्रह्मरंध्र को हृदयाकाश से इंगित करता है और उसमें ब्रह्म का वास बताता है- यदिदमस्मिन्ब्रह्मपुरे दहरं पुण्डरीकं वेश्म दहरोऽस्मिन्नन्तराकाश- स्तस्मिन्यदन्तस्तदन्वेष्टव्यं तद्वाव विजिज्ञासितव्यमिति॥ अर्थात? यह शरीर ब्रह्म की नगरी है- ब्रह्मपुर है। इसमें शीर्ष पर एक 'दहर' माने छोटा सा कमल है, जो हृदय रूपी मंदिर कहलाता है। इस हृदय मंदिर में सूक्ष्म हृदयाकाश है। इस हृदयाकाश के भीतर जो ब्रह्म छिपा है, उसे खोजना चाहिए, उसे जानना चाहिए।ऐसे में आदियोगी शिव दक्षिण दिशा की ओर उन्मुख हो गए और वे दक्षिणमूर्ति कहलाए। इस दक्षिणायन के अज्ञानता व अंधकारमय काल में आदिगुरु दक्षिणमूर्ति ने अपने शिष्यों को ब्रह्मज्ञान का उपदेश दिया। उन्हें अंतर्जगत में उतर कर ध्यान-साधना करने के लिए प्रेरित किया। तब शिष्य अपने आदिगुरु दक्षिणमूर्ति से प्रेरित होकर साधना में लीन हो गए। फिर ऐसा काल या अवस्था आई, जब निरन्तर ध्यान-साधना के प्रभाव से, उन साधकों के प्राण उत्तरोत्तर विकास कर उच्चतम लोक (सहस्रार चक्र) में समाधिस्थ हो गए। अतः स्पष्ट है, केवल एक पूर्ण गुरु और उनके द्वारा प्रदत्त पूर्ण ब्रह्मज्ञान ही हमें दक्षिणायन से उत्तरायण पथ का गामी बनाता है। हमें पितृयाण मार्ग के मोह आदि विकारों से निकाल कर दिव्य 'देवयान' मार्ग का राही बना देता है।

गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी
(संस्थापक एवं संचालक, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान)

कविता

पनिया भरने चली इक नारी नवेली , संग ना थी कोई उसके सहेली ।
देखा जो सुन्दर ताल उसने , किया स्नान को ख्याल उसने
।सुन्दर गेसूं उसने जब लहराए , दिलों पे जैसे चले कटारी
हाए ।ठुमक-ठुमक वो इठलाती, बलखाती , नाज़ुक - नाज़ुक
कदम वो ऐसे रखती ,जैसे हिल जाए ना धरती । कोमल फूल
सी काया उसकी , देख जिसे कलियां शरमा जाती ।उफ्फ
ये क्या गज़ब हुआ रे , पांव को उसके एक कांटा छुआ रे
।प्यार से जैसे कांटे को हटाया , देख के मेरे दिल ने बल खाया
।काश मैं भी होता तिनका , उसकी राहों में बिछ जाता ।चाहे
छुता पैर उसके , छु लेती मुझको वो प्यारी ,पांव में उसके
उलझता मैं , देख मुझे वो भरती सिसकारी ।प्यार से निकालती
फिर वो मुझको और मीठी सी वो देती गाली ।खनकता हाथों
में उसके बनके हरी कांच की चूड़ी , छु जाता उसकी काया
गोरी ।एक पांव पे जो जब वो होती , छलकती गगरी तन पे
पड़ते पानी के मोती ।लटें बिखरती चेहरे पे उसके , देख के
उसका प्यारा मुखड़ा ,ख्यालो में खो गया मैं उसके , काश
उससे मिलन हो जाए , कह दूं अपने दिल का दुखड़ा ।

प्रेम बजाज,
जगाधरी (यमुनानगर)

दुनिया मेरे लिए ख़ौफ़ की बिहड़ नगरी है

अंधेरों से नहीं मुझे उजालों से डर लगता है दहलीज़ लाँघने से पहले सौ सलाहों से त्रस्त हूँ घर से निकली मैं सही सलामत लौटूँगी या नहीं इस दहशत में माँ बाबा के माथे की शिकन मुझे खोने से डरती है। कैद कर लिया है मैंने खुद को खुदके भीतर मेरे अनछुए तन को तकती है जब लोलूप नज़रें तब महसूस होता है मानों असंख्य बिच्छू रेंगते है मेरी त्वचा की परत पर।ये दुनिया मेरे लिए ख़ौफ़ की बिहड़ नगरी है, मेरे स्निग्ध तन के कलपुर्ज़े से लालायित होते नौंचने को दौड़ती है कुछ आँखें। मेरी हर आहट को सूंघते आखरि दुपट्टे के आरपार बिंध कर शर्म की हर परतें मुझे तितर बितर करने की कोशिश में खुद को मेरी नज़रों में गिरा लेते है कहाँ छिपाऊँ अपनी जवानी की तरन्नुम को, एक नज़र मुझ पर पड़ते ही हर नज़रों में बेकल सी बज उठती है, जैसे मैं कोई नग्मा हूँ क्यूँ हर कोई गुनगुनाते निकल जाता है या नौरोज का उत्सव हूँ जो मनाते सिहर जाते है।क्यूँ मेरे तन के असबाब को नज़रों से लूट कर उनकी पेशानी पर लज्जा का बल नहीं पड़ता,सहस्त्र तृष्णाएं जन्म लेती है वहशियों की आँखों में मेरी आभा की रंगशाला की चकाचौंध से।तो क्या हुआ की नाजुकता की डली हूँ मैं कोई ताजमहल या ऐतिहासिक स्मारक तो नहीं जो मेरी रचना का हवस भरी नज़रों से निरूपण किया जाए। गौरवर्ण अभिशाप है मीठी चाशनी सा आकर्षित करते सीधे दरिंदों के मुँह से लार टपकने का मोहरा बनाता है, मैं अलकनंदा सी इठलाते कैसे चलूँ मेरी कमर पर पड़ते हर बल पर कातिलों की नज़र है।क्यूँ मूँद नहीं लेते अपनी आँखें जैसे अपने घर की इज्जत को देख झुका लेते है।

(भावना ठाकर,बेंगुलूरु) सभावु

वैक्सीन की विभीषिका- वैश्विक बिंब

कोरोना महामारी भयानक कालसर्प की तरह मानव जाति के अस्तित्व को नष्ट करने की कुचेष्टा कर रहा है। प्रतिपल उसका रूप मायावी मारिच की तरह परिवर्तित हो रहा है। संपूर्ण विश्व को कोरोना वैक्सीन का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे समय में ÷वैक्सीन की महामारी÷ समूचे विश्व के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। वैज्ञानिकों के विशाल वक्षस्थल पर वैक्सीन का बिंब देदीप्यमान हो रहा है। दुनिया में सौ से अधिक देशों के वैज्ञानिक वैक्सीन विकसित करने में जुटे हुए हैं। लेकिन वैक्सीन के खोज की इस रेस में कौन सा देश सर्वप्रथम कोरोना के वायरस को आलिंगन बद्ध करेगा यह भी संपूर्ण विश्व के वैज्ञानिकों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। संक्रमण से बचाव के लिए सदैव नूतन प्रयोग होते रहे हैं वैज्ञानिकों के मन में विघ्न बाधाएं आती रहती है मानव जाति के लिए दुर्दांत दुर्दिन की शुरुआत भी हो गई है। ÷वैक्सीन की खोज÷ अब अपने अंतिम चरण के मुहाने पर खड़ा प्रेम, विश्वास और श्रद्धा का आंचल फैलाए मानव जाति को सुख देने के लिए उद्वेलित हो रहा है लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न चिन्ह- ? वैक्सीन के इस चौसर के खेल में कौन सा देश सबसे आगे निकल जाएगा यह कहा नहीं जा सकता और वैक्सीन मानव जाति के लिए कितना कारगर साबित होगा। रजनी का विभोर कोरोना से कब मुक्त होगा यह एक करुणामय सहनशीलता की सबसे बड़ी चुनौती है। विश्व के गरीब देश आधुनिक चिकित्सा प्रणाली की न्यूनतम कार्यशाला से वंचित किस देश से अभयदान मांगेंगे। उन गरीब देशों के लिए स्वर्णिम सवेरा कब होगा उनके मुख पर अद्भुत लाली ,आंखों में तेज निराली कब होगी ? महामारी के खिलाफ सस्ता इलाज इन देशों के लिए कारगर तो जरूर साबित होगा लेकिन इन भुखमरी से ग्रसित देशों के लिए सस्ता इलाज विश्व का कौन सा देश अग्रणी भूमिका निभाएगा। रूस की गेमलेया इंस्टिट्यूट ने इस वैक्सीन का नाम ? स्पूतनिकावी? दिया है। यह तो ध्रुव सत्य है खोज के इस रेस में रूस व अमेरिका सफलता के अत्यंत नजदीक है। लेकिन विश्व के गरीब देश सोमालिया, युगांडा के लिए वैक्सीन कौन उपलब्ध कराएगा वैसे तो किसी भी वैक्सीन के विकास में सालों, दशको लग जाते हैं वैक्सीन के विकास की प्रक्रिया भी कई चरणों से होकर गुजरती है ऐसे समय में क्या यह वैक्सीन पूर्ण रूप से कारगर साबित होगा। वैक्सीन के ममत्व का महान मंत्र रूस व अमेरिका इन गरीब अबोध देशों को कब देगे। बस इन दोनों महाशक्ति के प्रत्युत्त आपसी द्वेष भीतर - भीतर न सुलगे।

सत्य प्रकाश सिंह
केसर विद्यापीठ इंटर कॉलेज प्रयागराज उत्तर प्रदेश

हस्त-मुद्राशास्त्रः वरुणमुद्रा



वरुण मुद्रा- वरुण का मतलब होता है-जल। यह मुद्रा जल की कमी से होने वाले सभी तरह के रोगों से हमें बचाती है। हमारा शरीर पाँच तत्वों से मिलकर बना है। जब हमारे शरीर में जल और वायु तत्व का संतुलन बिगड़ जाता है तो ह

फैमिली मैन 2 का टीजर हुआ रिलीज

मनोज बाजपेयी के लीड रोल वाली वेब सीरीज फैमिली मैन का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में दिखाया गया है कि मनोज वाजपेयी कहीं गायब हो गए हैं। उनकी यूनिट से लेकर फैमिली तक को उनकी तलाश है। करीब एक मिनट के टीजर में मुंबई के एरियल शॉट से शुरूआत होती है और बच्चों से लेकर उनके सहकर्मी तक उन्हें लेकर परेशान नजर आते हैं। वेब सीरीज में श्रीकांत नाम के कैरेक्टर को प्ले कर रहे मनोज वाजपेयी शायद किसी खुफिया मिशन में चुपचाप ही लगे हुए हैं और इस बारे में किसी को कुछ मालूम नहीं है। टीजर को देखने से तो कुछ ऐसा ही अनुमान लगाया जा सकता है। इस वेब सीरीज का ट्रेलर 19 जनवरी को रिलीज होने वाला है। वहीं दूसरे सीजन के लिए इंतजार भी 12 फरवरी को समाप्त हो जाएगा। अमेजॉन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली इस वेब सीरीज का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। मनोज बाजपेयी की एक्टिंग को वेब सीरीज के पहले सीजन में काफी सराहा गया था। टीजर में मनोज वाजपेयी की पत्नी का रोल प्ले कर रही प्रियामणि से लेकर उनके सहकर्मी शारिब हाशमी तक उन्हें खोजते नजर आते हैं। वहीं उनके बॉस की भूमिका में दिख रहे दिलीप ताहिल कहतें कि श्रीकांत शायद किसी अंडरकवर मिशन पर है। इस वेब सीरीज में मनोज वाजपेयी के अलावा शरद केलकर, श्रेया धन्वंतरि, सन्नी हिंदूज, दर्शन कुमार, विपिन कुमार, सीमा बिस्वास, आसिफ बसरा, साहब अली, वेदांत सिन्हा, रविंद्र विजय नजर आने वाले हैं। यह वेब सीरीज आतंकियों की साजिशों से भारत को बचाने की कहानी पर आधारित है। इसमें मनोज वाजपेयी इंटेलिजेंस ऑफिसर के रोल में नजर आ रहे हैं। वेब सीरीज के निर्देशक राज और डीके का कहना है कि इसके पहले सीजन को जबरदस्त रेस्पॉन्स मिला था। ऐसे में अब हमारी टीम पर इसकी सफलता को लेकर बड़ा दबाव है और हम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

रानी चटर्जी ने अनोखे अंदाज में बताया, सिंगल हूं मैं

भोजपुरी स्टार रानी चटर्जी ने अपने एक इंस्टाग्राम एक नया पोस्ट किया है। इस पोस्ट के जरिए वह अलग ही अंदाज में बता रही है कि वो अभी तक सिंगल ही है। रानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में रानी एक गाने पर डांस करते हुए नजर आ रही हैं।

रानी वीडियो में ब्लू जींस और ब्लैक टॉप के साथ शर्ट पहने हुए दिखाई पड़ रही हैं। वह गाने के बोल के साथ-साथ डांस के जरिए फैन्स का मनोरंजन करते हुए शायद कहना चाह रही हैं कि वह अब भी सिंगल हैं। दरअसल यह डांस वीडियो उन्होंने मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी फिल्म के गाने अकेली है मिस खिलाड़ी मिस्टर खिलाड़ी चाहिए गाने पर बनाया है। इसके अलावा रानी ने एक और पोस्ट किया है, जिसमें वह अपने फैन्स को बता रही हैं कि वह अगले कुछ दिनों के लिए इंस्टाग्राम और फेसबुक से ब्रेक ले रही हैं। लेकिन वह जल्दी ही नई ऊर्जा के साथ वापसी भी करेंगी। आपको बता दें कि भोजपुरी सिनेमा की स्टार कही जाने वाली रानी चटर्जी ने भोजपुरी सिनेमा में कई हिट फिल्में की हैं। इसमें ससुरा बड़ा पईसावाला, सीता, देवरा बड़ा सतावेला और रानी नंबर 786 जैसी भोजपुरी फिल्में शामिल है। रानी चटर्जी अब तक करीब 50 से अधिक फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं। भोजपुरिया सुपरस्टार मनोज तिवारी, पवन सिंह समेत तमाम दिग्गज एक्टर्स के साथ वह काम कर चुकी हैं। रानी ने भोजपुरी सिनेमा के अलावा रियल्टी शो खतरों के खिलाड़ी में भी हिस्सा लिया था। रानी चटर्जी अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। इस प्लेटफॉर्म पर उन्हें 1 मिलियन से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं, जबकि वह सिर्फ 31 लोगों को ही फॉलो करती हैं। रानी चटर्जी फिल्मों में भले ही इस नाम से काम करती हैं, लेकिन उनका असली नाम सबिहा शेख है। मुंबई में एक मुस्लिम परिवार में पैदा हुईं रानी चटर्जी ने एक बार टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत करते हुए कहा था कि वह कभी फिल्मों के लिए बिकिनी नहीं पहनेंगी। रानी चटर्जी ने कहा था कि यूपी और बिहार का इस तरह का कल्चर नहीं है। दिलचस्प बात यह है कि रानी चटर्जी ने अपनी पहली फिल्म 10वीं क्लास में पढ़ते हुए ही की थी। बॉलीवुड में जाने के सवाल पर रानी चटर्जी ने कहा था, मैंने बहुत कम उम्र में ही करियर की शुरूआत कर दी थी, जब बच्चों को यह भी पता नहीं होता कि असल में करियर क्या होता है। जो मिल गया अच्छे से मिल गया। मैं स्टार बन गई और क्या चाहिए? मैं जब बॉलीवुड के लोगों से मिलती हूं तो वे कहते हैं कि आप भोजपुरी एक्ट्रेस रानी हैं? यह अच्छा लगता है, जब लोग आपको नोटिस करते हैं। मैं जब सलमान खान से सिलेब्रिटी क्रिकेट लीग के दौरान मिली थी तो उन्होंने मुझे देखकर कहा था कि इनको तो मैं जानता हूं। इनके पोस्टर्स देखे हैं मैंने।

विक्की कौशल ने नई फिल्म अश्वत्थामा का पहला पोस्टर जारी किया

जनवरी 2019 में अभिनेता विक्की कौशल ने सोमवार की फिल्म उड़ी की दूसरी वर्षगांठ पर अपने उड़ीः द सर्जिकल स्ट्राइक के निर्देशक आदित्य धर के साथ एक नई सुपरहीरो फिल्म की घोषणा की। घोषणा के साथ अभिनेता ने द इमोशनल अश्वत्थामा नामक नई फिल्म के कुछ पोस्टर भी साझा किए। उन्होंने पोस्टर को कैप्शन दिया और लिखा, मैं अभिभूत हूं। फिल्म उड़ी द सर्जिकल स्ट्राइक की दूसरी वर्षगांठ पर, टीम आपके लिए अश्वत्थामा की पहली झलक लेकर आई है। इस अद्भुत टीम के साथ जल्द ही यात्रा शुरू करने का इंतजार नहीं कर सकता। फिल्म के एक पोस्टर में भगवान शिव नजर आ रहे हैं। उरीः सर्जिकल स्ट्राइक 2016 में कश्मीर के उरी में एक अड्डे पर हमला करने वाले आतंकवादियों के एक समूह के खिलाफ एक गुप्त सेना अभियान पर आधारित फिल्म है, जिसमें कई सैनिक शहीद हुए थे। फिल्म ने चार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते, जिनमें सर्वश्रेष्ठ पृष्ठभूमि संगीत पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ ध्वनि डिजाइन, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार (विक्की) और सर्वश्रेष्ठ निर्देशन पुरस्कार शामिल हैं।

द गर्ल ऑन द ट्रेन का सस्पेंस से भरा टीजर हुआ रिलीज, नहीं है कोई डायलॉग

द गर्ल ऑन द ट्रेन का टीजर और पहला लुक रिलीज हो हो गया है। नेटफ्लिक्स पर आने वाली यह फिल्म सस्पेंस से भरी हुई है। टीजर देखने पर आपको लगेगा कि फिल्म काफी रहस्यमयी होने वाली है। इसमें परिणीति चोपड़ा एक शराबी महिला के रूप में दिखाई देती हैं, जो फिल्म में नैरेटर भी हैं। टीजर में कोई भी डायलॉग नहीं है, यही कारण है कि हम केवल परिणीति के बिगड़ते मूड और शारीरिक स्थिति से फिल्म में होने वाली चीजों का अंदाजाभर लगा सकते हैं। पाउला हॉकिन्स की 2015 की बेस्टसेलर पर आधारित इस फिल्म को रिभु दासगुप्ता ने निर्देशित किया है और इसमें परिणीति चोपड़ा के अलावा अदिति राव हैदरी, कीर्ति कुल्हारी और अविनाश तिवारी भी हैं। यह मीरा चोपड़ा नाम के एक किरदार की कहानी है, जो रोजाना काम करने के लिए ट्रेन से यात्रा करते समय एक कपल को अपने घर की खुली खिड़की के से देखती है। वह एक दिन कुछ देखती है जो उसे झकझोर देता है। इस फिल्म का लीड रोल एमिली ब्लंट नाम के हॉलीवुड संस्करण से भी प्रभावित है और जिसे टेट टेलर द्वारा निर्देशित किया गया था। रिभु दासगुप्ता ने एक बयान में कहा, मैं हमेशा से इस शैली की खोज करता रहा था और इस अनूठी कहानी को पसंद करता था। रिलायंस एंटरटेनमेंट के समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवाशीष सरकार ने कहा, द गर्ल ऑन द ट्रेन नेटफ्लिक्स के साथ कोलेबरेशन में हमारी पहली फिल्म है, इसके साथ ही और भी बहुत कुछ आने वाला है। हम इस सस्पेंस थ्रिलर को लेकर काफी उत्साहित हैं, रिभु के संवेदनशील निर्देशन और बेहद प्रतिभाशाली कलाकारों की एक्टिंग इस फिल्म के लिए उत्साह को और बढ़ा रही है। यह फिल्म, जिसे मई 2020 में रिलीज किया जाना था, लेकिन कोरोनावायरस के कारण स्थगित कर दिया गया था, अब यह 26 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

रितुपर्णा सेनगुप्ता और चंदन रॉय साथ आएंगे नजर

अभिनेता चंदन रॉय सान्याल और अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता जल्द ही एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म सॉल्ट में एक साथ नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को सनी रे द्वारा निर्देशित किया जाएगा। इस फिल्म की टैगलाइन में लिखा कि वन लाई-टू लाइफ्स-लिटिल टाइम-एक्सेस सॉल्ट-चेंजेड लाइफ्स फॉरेवर। चंदन ने इस फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा कि इसने उन्हें हॉलीवुड फिल्म ब्लू वैलेंटाइन की याद दिला दी है। रितुपर्णा भी फिल्म में माया के किरदार को निभाने को लेकर बेहद रोमांचित हैं। यह फिल्म शंकर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक अंतमुर्खी स्वभाव का आर्किटेक्ट है। शंकर को अपने बॉस की गर्लफ्रेंड माया से प्यार हो जाता है। पहली बार डेट पर कहे गए एक अजीबोगरीब झूठ के चलते माया भी शंकर से काफी प्रभावित हो जाती है। फिल्म की पूरी शूटिंग कोलकाता और दार्जिलिंग में हुई है। इस फिल्म को ओटीटी पर रिलीज करने की तैयारी जोरो-शोरो पर है। रणजोय भट्टाचार्जी ने फिल्म में संगीत देने का काम किया है, जबकि अयन शील इसके डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी हैं।

दिशा परमार को किया यूजर ने ट्रोल एक्ट्रेस ने दिया मुंहतोड़ जवाब

सिंगर राहुल वैद्य और दिशा परमार की लव स्टोरी की खूब चर्चा है। राहुल वैद्य बिग बॉस 14 के कंटेस्टेंट हैं और दिशा संग प्यार का इजहार नेशनल टीवी पर करने के बाद जल्द ही शादी करने जा रहे हैं। घर के अंदर कई बार राहुल वैद्य को दिशा परमार के बारे में बात करते देखा गया है। बाहरी दुनिया में दिशा परमार ब्वॉयफ्रेंड के लिए चियर कर रही हैं। सोशल मीडिया पर अक्सर दिशा परमार, राहुल वैद्य को सपोर्ट करते हुए कॉमेंट करती हैं या पोस्ट लिखती हैं। हाल ही में दिशा परमार ने खुद की ग्लैमरस फोटोज पोस्ट कीं, जिसके बाद एक यूजर ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। यूजर ने लिखा, राहुल वैद्य को आप सूट नहीं करती। आप बहुत क्लासी हैं और सुंदर भी दिखती हैं। आपको अपने करियर पर फोकस करना चाहिए। राहुल के बच्चे की मां मत बनो। इस पर जवाब देते हुए दिशा परमार ने लिखा, तुम्हें क्या लगता है जो इस बात पर कॉमेंट कर रहे हो कि मुझे क्या करना चाहिए और क्या नहीं? कई यूजर्स ने दिशा के सपोर्ट में कॉमेंट किया, दिशा आप ठीक कह रही हैं। आपको राहुल से शादी करनी चाहिए और हमारी भाभी बननीं चाहिए। राहुल भी अच्छे दिखते हैं। ऐसे कॉमेंट्स को इग्नोर करें।

कीर्ति कुल्हारी की दो टूक

मैरिटल रेप कानूनन अपराध माना जाए

बंद कमरे में भी जरूरी है मर्जी

कीर्ति कुल्हारी इन दिनों अपनी वेब सीरीज क्रिमिनल जस्टिसः बिहाइंड क्लोज्ड डोर्स के कारण चर्चा में है। एक अखबार से बातचीत में कीर्ति कहती हैं कि शादी के बाद बंद कम में भी महिला की मर्जी जरूरी है। मैरिटल रेप को कानूनन अपराध माना जाना चाहिए फिर चाहे पिंक फिल्म हो या मिशन मंगल या फिर वेब सीरीज फोर मोर शॉट्स प्लीज ऐक्ट्रेस कीर्ति कुल्हारी ने हर बार अपने किरदारों के जरिए महिला सशक्तिकरण आवाज बुलंद की है। इसी कड़ी में अपनी हालिया वेब सीरीज क्रिमिनल जस्टिस बिहाइंड क्लोज्ड डोर्स में वह मैरिटल रेप जैसे गंभीर मुद्दे का दर्द बयां करती दिखीं। की कहती हैं कि मैरिटल रेप समाज के किसी खास तबके की नहीं, बल्कि हमारी सोश कंडीशनिंग की समस्या है। हमें समझना होगा कि बंद कमरे में भी एक-दूसरे की मर्ज जरूरी है। मैरिटल रेप को कानूनन अपराध माना जाना चाहिए और इसके लिए भी सज होनी चाहिए।

- सीरीज में आपका किरदार अनु चंद्रा पढ़ी-लिखी होने के बावजूद वर्षों तक पति की जबरदस्त सहती है। एक और किरदार भी शादी में समझौते की बात कहती है। ये जो सहना तो औरतों ही पड़ता है वाली मानसिकता है, उस पर आपकी क्या राय है?
- ये हमारे समाज की कड़वी सचाई है। इसीलिए मैं ये शो करना चाहती थी। औरतों पर फिजिक ही नहीं, कई तरह के मेंटल, इमोशनल एब्यूज भी होते हैं, जिसे ये सहती रहती है, क्योंकि ये सोशल कंडीशनिंग है हमारी। हमें लगता है कि मैरिटल रेप छोटे तबकों या अनपढ़ लोगों के बीच होता है, जबकि ये क्लास या शिक्षा की बात है ही नहीं, ये हमारी सोशल कंडीशनिंग है। लड़कियों को समझा दिया जाता है कि शादी या रिश्ते की डोर उन्हें ही संभालनी है। उसे कॉम्प्रोमाइज या एडजस्टमेंट करनी होगी, लेकिन कहां तक सहना है, वो कोई नहीं बताता, जो कि बहुत खतरनाक चीज है। अनु इतने सालों तक खुद पर रेप होने देती है, क्योंकि हम ये मानते ही नहीं कि शादी में भी एक-दूसरे की मर्जी जरूरी है। हम तो ये मानकर चलते हैं कि शादी हो गई, तो आप एक-दूसरे की प्रॉपर्टी हैं। फिर जब हम चारों ओर यही देखते हैं, तो हमें लगता है कि यही नॉर्मल है। ये तो सभी के साथ हो रहा है। फिर पता भी कहां चलता है कि बंद दरवाजे के पीछे किसी के साथ क्या हो रहा है। जो चीज आपको रोकती है, वह है शर्म। शर्म सुनने में बहुत छोटा शब्द है, पर इसकी वजह से आप जिंदगी भर सहते रह सकते हैं। इसलिए, मेरा मानना है कि सही उम्र में सेक्स एजुकेशन जरूरी है। इस बारे में बातचीत होनी चाहिए।

- आपके हिसाब से सहने या समझौते की हद कहां तक होनी चाहिए?
- यह हर किसी के लिए अलग है। आपको खुद एक हद खींचनी होगी कि आप कितना सहने को तैयार हैं। यह पता चल जाता है कि ये सही नहीं लग रहा है। आपको किसी तमाचा मारने तक का इंतजार करने की जरूरत नहीं है। इसका कोई क्राइटेरिया नहीं है, पर कु चीजें सही नहीं हैं। एक-दूसरे को मारना, टॉर्चर करना या गाली देना सही नहीं है। एक-दूसरे अपमान करना सही नहीं है। मेरे हिसाब से रिश्ते में सम्मान प्यार से भी ज्यादा जरूरी है। सम्मान पहले आपको खुद को देना होगा, तभी दूसरा इंसान भी आपको सम्मान देगा। जहां सम्मा नहीं है, वहां चीजें कभी सही नहीं हो सकती। आपको पता होना चाहिए कि कब आपको कदम पी लेना है।
- आप लगातार अपने किरदारों से एक किस्म से वुमन एंपावरमेंट कर रही हैं। आपके लिए वुम एंपावरमेंट क्या है? और कौन से मुद्दे आपको सबसे ज्यादा परेशान करते हैं?
- मैं कोई एक मुद्दा नहीं बता पाऊंगी। आप मेरा काम देखिए, उसमें जो भी मुद्दे दिखते हैं, मैं उन कनेक्ट करती हूं, इसीलिए अपने काम के जरिए उनके लिए आवाज उठाती हूं। मेरे लिए बहु जरूरी है कि मैं अपना टाइम, ऐक्टिंग स्किल, एनर्जी, खून पसीना कहां लगा रही हूं। उसका कु मतलब होना चाहिए। मुझे लगता है कि अगर मैं समाज के लिए कुछ करना चाहती हूं, तो मेरे लि सबसे बड़ा माध्यम मेरी ऐक्टिंग है। इसलिए, मैं ऐक्टर होने का फायदा उठाती हूं और ऐसी ची चुनती हूं, जिनमें मैं यकीन करती हूं और उसके खिलाफ बोलना चाहती हूं। जैसे, इसमें मैरिट रेप या एब्यूज की बात हो गई या फोर मोर शॉट्स में इतने सारे मुद्दे हैं। रही बात एंपावरमेंट की, मेरे लिए असल एंपावरमेंट तब आती है, जब आप दूसरों को दोष देना छोड़ देते हैं। जब अप जिंदगी की डोर अपने हाथ में लेते हैं। अपने फैसले खुद करते हैं कि अच्छा या बुरा, ये मेरा फैस है। इसके लिए मैं जिम्मेदार हूं। तब आप सही मायने में एंपावर्ड होते हैं।
- मैरिटल रेप को कानूनन अपराध बनाए जाने को लेकर बहस चल रही है। इस बारे में आपकी क राय है?
- ऐसा बिलकुल होना चाहिए। इसमें कोई दो राय ही नहीं है। अब वह समय आ चुका है कि मैरिट रेप को कानूनन अपराध माना जाए और सजा की श्रेणी में लाया जाए।
- अनु चंद्रा बहुत ही कॉम्पलेक्स किरदार है। उस दर्द को समझने के लिए आपने क्या रिसर्च तैयारी की?
- मैंने बहुत कुछ किया। ऐसी प्रताड़ना से गुजरी औरत को समझना और उसे निभाना बहु मुश्किल था। इसी वजह से मैं यह रोल करना भी चाहती थी, पर मुझे पता था कि हां करके मैं खुद के पांव पर कुल्हाड़ी मारी है। इसलिए, मैं कुछ मनोचिकित्सकों से मिली और इस दुनि को समझने की कोशिश की कि यह प्रॉब्लम कितनी बड़ी है? किस हद तक है? उन्होंने कु केसेज भी मुझे बताएं, जिससे मुझे अहसास हुआ कि सचाई ज्यादा क्रूर है, सिनेमा में तो ह उसका दस प्रतिशत भी नहीं दिखाते हैं। मैंने इस दुनिया में भरोसा करना शुरू किया। फि अनु को दिशा और गुंजाइश भी है, तो उस बारे में भी जानने की कोशिश की, पर ताक

उत्तर भारत में शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट, 4 राज्यों में भारी बारिश की आशंका

नई दिल्ली ब्यूरो

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए उत्तर भारत में कोल्ड ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दिल्ली समेत उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप जारी है। इससे राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। उत्तर भारत में ठंड पड़ रही है और दूसरी ओर दक्षिण भारत में भारी बारिश की आशंका है। तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल में चक्रवाती प्रभाव के कारण अगले 2-3 दिनों तक बारिश होने की संभावना है। अनुमानों के अनुसार, उप-हिमालयी क्षेत्रों, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में घना कोहरा हो सकता है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार और दक्षिणी असम में भी कोहरे की भविष्यवाणी की गई है। मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के लिए 14-16 जनवरी के बीच एक ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने उत्तरी मैदानों के लिए अगले चार दिनों के लिए शीत लहर के पूवार्नुमान के साथ एक ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश के पूवार्नुमान के साथ तमिलनाडु और पुदुचेरी के लिए भी इसी तरह का अलर्ट जारी किया गया है। स्कायमेट वेदर के अनुसार, बिहार में अगले चार-पांच दिनों के दौरान दिन के तापमान के साथ-साथ रात के तापमान में भी गिरावट होगी जिससे सर्दी बढने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार एक चक्रवाती प्रभाव के तहत और निचले ट्रोपोस्फेरिक स्तरों में मालदीव के आस-पास के क्षेत्र, पृथक रूप से भारी बारिश हो सकती है। और मध्यम गरज के साथ काफी व्यापक वर्षा हो सकती है। अगले 2 दिनों के दौरान उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़, पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान में अलग-थलग इलाकों में कोहरे एवं सर्दी बढ? की संभावना है। अगले 4-5 दिनों के दौरान उत्तर पश्चिमी भारत में अलग-थलग स्थानों पर बहुत घने कोहरे की स्थिति के कारण घनी रहेगी।

उत्तर प्रदेश, बिहार में शीत लहर का प्रकोप

उत्तर प्रदेश में ठंड का कहर जारी है। अधिकांश शहरों में रात के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। राज्य के 10 शहरों में पारा 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। पूर्व से पश्चिम तक ठंड का प्रकोप देखा गया है। कानपुर, बरेली, मुजफ्फरनगर और रायबरेली नैनीताल और शिमला से अधिक ठंडे थे। अगले अनुमान के अनुसार, अगले कुछ दिनों में ठंड का ऐसा ही रूप देखने को मिलेगा। हालांकि सुबह कोहरा रहेगा, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ेगा, सूरज भी निकलेगा। इस वजह से, जीवन उतना प्रभावित नहीं होगा। कश्मीर घाटी में सर्दी लगातार बढ़ रही है। पहाड़ों में बर्फबारी जारी है। ठंड के चलते श्रीनगर में बर्फबारी बढ़ गई है। कश्मीर घाटी शीत लहर की चपेट में है। झारखंड में हवाओं का प्रभाव बढने से तापमान सामान्य के करीब पहुंचेगा। बिहार और झारखंड में सर्दी की वापसी हो गई है। पटना, भागलपुर समेत कई शहरों में तापमान में भारी गिरावट आई है।

न्यूज. ब्रीफ

थाना अम्बाह पुलिस द्वारा 10 पेटी अबैध अग्रेजी शराब मय एक मो.सा. कुल कीमती 73800 हजार रुपये सहित आरोपी को किया गिरफ्तार....

केशब पंडित जी अम्बाह...

अम्बाह... पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देश पर जिले भर में अवैध शराब की तस्करी पर अकुंश लगाये जाने के तहत चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया अति. पुलिस अधी. हंसराज सिंह एवं एसडीओपी अम्बाह अशोक सिहं जादोन के मार्गदर्शन में दिनांक 13/01/21 को थाना अम्बाह पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना पर आरोपी राजू पुत्र रंजीत तोमर उम्र 23 साल निवासी ग्राम मेहराकी के कब्जे से सात पेटी जिसमे 10 पेटी अग्रेजी शराब काउन्टी क्लब कम्पनी की मो.साइकल गिरने पर दो पेटी फटी हुई मिली जिसकी गिनती करने पर कुल 438 क्वार्टर अग्रेजी शराब काउन्टी क्लब कम्पनी की प्रत्येक क्वार्टर 180 एमएल कुल 78.84 वल्क लीटर की मिली कीमती करीबन 43800 रुपये एवं एक मोटर साईकल स्पलेण्डर प्लस जिसका क्र.रूब06रूह 8720 की प्लेट लगी है जिसका चैचिस नं. 083-31233 जिसकी कीमत करीबन 30 हजार रुपये को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं थाने पर अप.क्र. 40/2021 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम कर गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है उक्त कार्यवाही में निरी योगेन्द्र सिह जादौन ,उनि ऋषिकेश शर्मा, आर. कुलदीप ,आर. प्रशान्त दण्डोतिया, आर. नरेन्द्र मौर्य,आर. शिवकुमार भदौरिया आर.चालक मनीष की विशेष भूमिका रही ।

बर्डफ्लू (एवियन इन्फ्लूएन्जा) को दृष्टिगत रखते हुए डीएम, एसएसपी ने की बैठक

एटा। जिलाधिकारी सुखलाल भारती की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में बर्डफ्लू (एवियन इन्फ्लूएन्जा) को दृष्टिगत रखते हुए एक अतिआवश्क बैठक आयोजित की गई। डीएम ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक विषाणु जनित आर0एन0ए0 वायरस रोग है। सामान्यतः यह पक्षियों को संक्रमित करता है, परन्तु यह सूकर व

अश्व को भी संकमिक कर सकता है, इसके अतिरिक्त विपरीत परिस्थितियों यह स्पीसीज बैंरियर को क्रास कर मनुष्य को भी संक्रमिक कर सकता है। डीएम ने कहा कि इसका प्राकृतिक होस्ट वाटर फाउल है, इसका संचारण बीट, मुँह एवं वायु के माध्यम से होता है तथा इसका इन्क्यूबेशन अवधि कुछ घन्टों से तीन दिन तक होती है। यह अवधि विषाणु की प्रकृति, मात्रा, प्रवेश मार्ग एवं पक्षी के स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। इस बीमारी में पक्षियों को ज्वर आना, पक्षी की ऑख एवं नासिका छिद्र से अत्यधिक स्राव, बैटल, कलगी व पैरों का बैगनी हो जाना, पक्षियों के गर्दन तथा ऑखों के निचले हिस्से में सूजन, हरे व लाल रंग की बीट आदि शामिल हैं। एसएसपी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा हर स्तर पर सहयोग किया जाएगा। पक्षी, अण्डा का आयात जनपद की सीमा में नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि पक्षी, अण्डा का परिवहन खुले वाहन में न किया जाये तथा मुर्गा मीट बिक्री भी खुले स्थान पर न की जाए। इसके अलावा अनावश्यक रूप से जनसामान्य को भयभीत न किया जाये तथा संबंधित विभागों द्वारा समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाए। बैठक में सीएमओ डा. अरविंद कुमार गर्ग, डीएफओ अखिलेश पाण्डेय, डीडीओ एसएन सिंह कुशवाह, सीवीओ एसपी सिंह सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी आदि मौजूद रहे।

मकर संक्रान्ति के अवसर पर काँग्रेस नेत्री ने बिस्कुट किये वितरण

मऊरानीपुर (झाँसी) मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर काँग्रेस नेत्री मीना आर्य ने ग्राम सुन्दरपुरा व कगर में बच्चों को बिस्कुट वितरण कर मकर संक्रान्ति का पर्व मनाया। जिसमें सैकडों बच्चों ने बिस्कुट प्राप्त की। वितरण कार्यक्रम लगातार कई घण्टों चलता रहा। साथ ही गरीब एवं अनाथ बच्चों को वितरण कर उनका जोरदार पुण्य लाभ लिया। जिससे गरीब एवं अनाथ बच्चों में काफी उत्साह एवं खुशी देखी गयी। इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष काँग्रेस जलालउद्दीन निजामी आदि काँग्रेसीजन मौजूद रहे।

आग की चपेट में आया मकान

मऊरानीपुर (झाँसी) तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्राम धवाकर में अज्ञात कारणों के चलते एक घर में आग पकड गयी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुँची 112 पुलिस एवं फायर बिग्रेड की टीम ने बडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जिसमें मकान मालिक सुरेश पुत्र मुनमुन निवासी धवाकर बताया गया। जिसमें उसके द्वारा बताया गया अचानक से आग कैसे लग गयी यह उसे खुद समझ में नही आया । वही उसका मकान कच्चा बना हुआ है। आग से मकान में रखा सारा सामान खाक हो गया। उसने तहसील प्रशासन को भी अवगत करा दिया था। जिसके चलते मौके पर लेखपाल ने पहुँचकर घटना का जायजा लिया गया। इस प्रकार की अचानक से घटनायें घटना ग्रामीणों के लिये जोरदार मुसीबतें बनी हुयी है।

दो तमन्चों के साथ बाईक सीज, मामला दर्ज

मऊरानीपुर (झाँसी) कोतवाली पुलिस से उपनिरीक्षक शोभित कटियार ने कृष्ण कुमार लोधी पुत्र मुन्ना लाल निवासी करौदी, थाना जरिया, जिला हमीरपुर को 315 बोर तमन्चा व एक जिन्दा व एक खोखा कारतूस सर्व मुहर व एक बाईक यूपी 91 एन 1815 हीरो एचएफ डीलक्स सीज करते हुये पकडा गया। जिस पर कोतवाली पुलिस ने मामला धारा 3/25 ए एक्ट के तहत पंजीकृत कर लिया। वही अन्य शिवम् राजपूत पुत्र धूराम निवासी चरखारी रोड, राठ, थाना राठ जिला हमीरपुर , मूल निवासी टिकरिया, थाना राठ, जिला हमीरपुर के कब्जे से एक तमन्चा 12 बोर व दो जिन्दा कारतूस सर्व मुहर के बरामद करते हुये उसे पकड लिया। जिस पर कोतवाली पुलिस ने मामला धारा 3/25 के तहत पंजीकृत कर लिया।

अभद्रता के साथ की मारपीट, मामला दर्ज

मऊरानीपुर (झाँसी) अनिल कुमार माली पुत्र जगदीश निवासी मुहल्ला गंज, रानीपुर ने कोतवाली प्रभारी को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि शिवम् श्रीवास पुत्र सेवा लाल, आमीर पुत्र अली, राकस्टार निवासी खुशीपुरा , रानीपुर के द्वारा बिना वजह गाली गलौच करते हुये मारपीट की गयी। प्रार्थी ने कोतवाली पुलिस से कठिन से कठिन कानूनी कार्यवाही करने की माँग की। जिस पर कोतवाली पुलिस ने मामला धारा 323, 504 आईपीसी के तहत पंजीकृत कर लिया।

पुलिस ने कच्ची शराब के डेरा पर की छापामारी, मामला दर्ज

मऊरानीपुर (झाँसी) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी दिनेश कुमार पी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मऊरानीपुर डॉ. अभिषेक कुमार राहुल व कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में रानीपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने मय फोर्स के देवरी सिंहपुरा कबूतरा डेरा पर छापामार कार्यवाही की गयी। जिसमें 4 ड्रमों में 800 लीटर कच्ची शराब बरामद व हजारों लीटर लहन नष्ट किया गया । साथ ही बनाने के उपकरणों को भी नष्ट किया गया। पकडे गये लोगों में कमलेश धमनिया पुत्र देशराज धमनिया, भगवान दास श्रीवास पुत्र दशरथ, श्रीमती लता पत्नी सुनील कबूतरा निवासी ग्राम देवरीसिंहपुरा रानीपुर है। जिन पर कोतवाली पुलिस ने मामला धारा 60 (2) एक्स एक्ट के तहत पंजीकृत कर लिया।

नवागन्तुक एसपी ग्रामीण ने किया औचक निरीक्षण, हुआ जोरदार स्वागत

मऊरानीपुर (झाँसी) नवागन्तुक अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण , झाँसी नेपाल सिंह ने पद भार ग्रहण करते हुये मऊरानीपुर कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। साथ ही महिला हेल्प डेस्क को भी देखा। साथ ही सर्किल क्षेत्र के पुलिस स्टाफ के साथ बैठक की। वही उन्होनें पत्रकारों, मीडिया से की वार्ता में बताया कि उनकी प्रथम प्राथमिकता अपराधों पर नकेल लगाना , अपराधियों में भय भरना रहेगी। साथ ही उनके कार्यकाल में कोई भी फरियादी परेशानी का कतई सामना न करे। पीडित को न्याय तत्काल दिलाना आदि पुलिस से सम्बन्धित कोई भी समस्या होने पर उसका शीघ्र निस्तारण कराने से लेकर रहेगी। वही कोतवाली मऊरानीपुर में उनका जोरदार स्वागत किया गया । इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अभिषेक कुमार राहुल, कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह सहित कोतवाली स्टाफ मौजूद रहा।

मारुती-डम्फर से जा भिड़ी, 4 की मौत, 4 गम्भीर घायल

मऊरानीपुर (झाँसी) मकर संक्रन्ति का जश्न मनाने और माँ के दरबार में उनका आशीर्वाद लेने जा रहे 8 नवयुवकों में कुछ पहुँचे मौत के घाट तो कुछ पहुँचे गम्भीर रुप में अस्पताल। हादसा काफी दर्दनाक देखा गया। जिसमें आपको

बता दे कि मारुती वैन और डम्फर में जोरदार भिडन्त हो गयी। जिसमें 4 की मौत व 4 गम्भीर रुप से घायल बताये गये। विवरण में मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर मऊरानीपुर से मैहर माता के मन्दिर जा रहे 8 नवयुवक मारुती वैन जिसका नम्बर यूपी 93 बीसी 5551 के अचानक से अनियन्त्रित हो जाने पर बमीठा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्राम बसारी के पास पीएनसी डम्फर जिसका नम्बर एचआर 55 व्ही 2805 में बीते रात्रि जोरदार भिडन्त हो गयी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुँचे बमीठा थाना प्रभारी हेमन्त नायक ने मौके पर पहुँचकर घायलों को 100 डायल के आरक्षक बसीर मोहम्मद, पायलट अमित शर्मा ने छतरपुर जिला अस्पताल पहुँचाया। जिसमें बताया गया कि 3 लोग झाँसी रिफर तो वही 2 लोग को जिला अस्पताल भेजा गया। जिसमें एक की मौत अस्पताल में हो जाने से है वही 3 की मौके पर ही मौत होना बतायी गयी । वही राकेश का उपचार छतरपुर जिला अस्पताल में होना बताया गया। सभी मृतक व घायल मऊरानीपुर थाने के अन्तर्गत मुहल्ला कुरैचानाका के बताये गये।

मृतकों में-मृतकों में आकाश रैकवार पुत्र मूलचन्द्र उर्फ मुरली, कृष्णकान्त उर्फ कल्लू पुत्र घनश्याम, धीरेन्द्र पुत्र धनसिंह आर्य, एवं बटु उर्फ ओमप्रकाश आर्य पुत्र जंगली आर्य निवासी मुहल्ला कुरैचानाका मऊरानीपुर है।

घायलों में-राकेश आर्य, दीनदयाल रैकवार, गोलू रैकवार, सौरभ बताये गये।

शोक संवेदना करने पहुँचे लोगों में-घटना की सूचना पाकर मौके पर उनके घर पहुँचे नगर पालिका अध्यक्ष हरिश्चन्द्र आर्य, भाजपा नगर अध्यक्ष/ पार्षद दिनेश राजपूत, हरचरन चौकरया, मोहम्मद मुस्तफा, सुभाष सोनी, विष्णु राय, रईस राईन, भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष नरेन्द्र दमेले, भाजपा पार्षद राजेश बिलाटिया आदि लोग मृतकों के घर शोक संवेदना करने पहुँचे।

जन अधिकार पार्टी का कार्यक्रम 17 को

मऊरानीपुर (झाँसी) जन अधिकार पार्टी के तत्वाधान में कोरोना जागृति अभियान एवं कार्यकर्त्ता सम्मेलन 17 जनवरी 2021 रविवार को अपरान्ह 11 बजे माँ भद्रकाली मन्दिर के पास ग्राम भटरवारा में किया जायेगा। जिसके मुख्य अतिथि कृष्णा नारायण कुशवाहा बुन्देलखण्ड प्रभारी, आर. डी. फौजी जिला अध्यक्ष, मधु कुशवाहा जिला अध्यक्ष महिला सभा, दीनदयाल निषाद जिला प्रभारी निषाद समाज रहेगें। यह उक्त जानकारी कैलाश नारायण कुशवाहा ब्लॉक अध्यक्ष व रामदास कुशवाहा (टिकरी वाले) नगर अध्यक्ष मऊरानीपुर ने दी।

सडक दुर्घटना में तीन घायल

मऊरानीपुर (झाँसी) विभिन्न सडक दुर्घटनाओं में तीन व्यक्ति घायल हो गये । प्राप्त विवरण में माया (22) पत्नी सहीम निवासी लहचूरा, छोटू (18) पुत्र हरीकिशुन निवासी लुहरगाँव रोड कंचनपुरा, मानवेन्द्र सिंह (32) पुत्र लखन सिंह निवासी सिगंरवारा को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। सभी की हालत में सुधार न होने पर झाँसी रिफर कर दिया गया।

ऊँचाई से दो व्यक्ति फिसले

मऊरानीपुर (झाँसी) ऊँचाई से दो व्यक्ति फिसलकर घायल हो गये। प्राप्त विवरण में नरेन्द्र (22) पुत्र बालकिशुन निवासी गोपालगंज, जीतू (19) पुत्र दयाराम निवासी बसरिया को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जीतू की हालत में सुधार न होने पर झाँसी रिफर कर दिया गया।

नगर में धूमधाम तरीके के साथ मनाया गया मकर संक्रान्ति का त्यौहार

मऊरानीपुर (झाँसी) मकर संक्रान्ति का पर्व बडे उत्साह के साथ मनाया गया। लोगों ने सपरार बाँध, सुखनई नदी, दुनये, वाजपेई तालाब, देवरी बाँध आदि स्थानों पर जाकर डूबकी लगाकर स्नान किया। तथा वे परिवार सहित प्रयागराज, ओरछा, चित्रकूट , कुण्डेश्वर, जटाशंकर, केदारेश्वर आदि स्थानों पर भी गये। उन्होने मन्दिरों में पूजा अर्चना कर गरीबों को खिचडी का दान किया। कई स्थानों पर मेलों का भी आयोजन किया गया। ग्राम रौनी स्थित केदारेश्वर मन्दिर परिसर में लगे मेले में काफी भीड देखने को मिली। बच्चों व महिलाओं ने मेले में जमकर खरीददारी कर आनन्द उठाया। बाजारों में तिली, तेल , लड्डू, मिट्टी खिलौना , फूलमाला आदि की जमकर बिक्री की गयी। बाजारों में भारी भीड व चहल- पहल देखने को मिली। जिससे मकर संक्रान्ति का पर्व बडे उत्साह व शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। वही स्थानीय अफसर उपजिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक कुमार राहुल व कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह मय फोर्स के नगर एवं क्षेत्र में दस्तक देते देखे गये। वही पुलिस व्यवस्था चप्पे - चप्पे पर तैनात देखी गयी।

नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 7000/- रूपये अर्थदण्ड...

राधा तोमर रिपोर्टर अम्बाह...

अम्बाह मुरैना...अम्बाह पन्द्रह साल की नाबालिग लड़की के मामले में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अम्बाह डॉ. धर्मेंद्र टाडा की न्यायालय में *आरोपी दीपू उर्फ अजय पुत्र सोबरन सिंह कुशवाह* निवासी घटना हाल ग्राम पाय का पुरा थाना दिमनी जिला मुरैना को 10 साल का सश्रम कारावास एवं 7000 रुपये के अर्थदंड से दंडित करने का फैसला सुनाया। उक्त मामले में अभियोजन की ओर से संचालन विशेष लोक अभियोजक *गिरजेश खत्री* ओर सहयोगी एडीपीओ सोबरन सिंह माहौर के द्वारा किया गया। अभियोजन की मीडिया सेल प्रभारी डॉ. रश्मि वैभव शर्मा के बताये अनुसार थाना दिमनी क्षेत्र के ग्राम में दिनांक 29.03.2019 की रात्रि 2.30 बजे आरोपी दीपू उर्फ अजय एक घर मे घुसकर छत पर सो रही पीड़िता के बगल में लेटकर जेठ भर ली और उसके साथ गलत काम किया, पीड़िता के साथ मे सो रहा छोटा भाई अपनी माँ को बुलाकर लाया, माँ ने आकर बचाया फिर आरोपी ने मां को धक्का दिया जिससे उसके हाथ की उंगलियों में चोट आई और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया मौके पर आरोपी दीपू का मोबाइल छूट गया। जिसे थाना दिमनी अपराध क्र. 68/2019 पंजीबद्ध कराकर मोबाइल आरोपी का जप्त कराया। विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। न्यायालय में अभियोजन साक्ष्य के दौरान पीड़िता का बयान कराने में काफी मशक्कत के सामना करना पडा क्योंकि वचाव पक्षकार लगातार राजीनामा का प्रयासरत होने से पीड़िता न्यायालय में बयान देने के लिए उपस्थित नही हो रही थी लेकिन पीड़िता को अभियोजन ओर दिमनी पुलिस के सहयोग से न्यायालय में उपस्थित होने पर पीड़िता का मुख्य परीक्षण कराया जिसमे अभियोजन कहानी का समर्थन किया। अर्थात दीपू के द्वारा दुष्कर्म करना बताया। प्रतिपरीक्षण शुरू होने पर न्यायालयीन समय समाप्त हुआ जिससे अगले दिन नियत रखी। ओर अगले दिन प्रतिपरीक्षण में पीड़िता अपने कथनों से पलट गई। लेकिन अभियोजन ने सजकता के साथ पुनः मुख्य परीक्षण में आपस मे राजीनामा होने के तथ्य अभिलेख पर लाये और माननीय न्यायालय के समक्ष अभियोजन ने अतिंम तर्क किये कि पीड़िता ने मुख्य परीक्षण में अभियोजन कहानी का पूर्ण समर्थन किया है लेकिन अगली तारीख मिलने से आरोपी के परिवार बाले ने राजीनामा एवं पीड़िता को प्रभाव में लेकर कथन विपरीत कराये हैं। इसलिए पीड़िता के मुख्य परीक्षण में आये तथ्य व अन्य सुसंगत तथ्यों से अभियोजन ने आरोपी दीपू के विरुद्ध मामला साबित किया। माननीय न्यायालय ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनकर अभियोजन के तर्क को प्रभावी मानकर आरोपी दीपू उर्फ अजय कुशवाह को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 व लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम की धारा 5/6 में दोषी पाये जाने पर गुरूत्तर दंड की मात्रा से धारा 376 भादवि में 10 साल के सश्रम कारावास व कुल 7000 रुपये के अर्थ दंड से दंडित किया।

चैन्नई मामबलम सेदापेट में पहचान पत्र वितरण किया गया

प्रेस नारायणलाल सैणचा

चेन्नई । मामबलम सेदापेट में तमिलनाडु पौन ब्रोकर व ज्वैलर्स के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय तेजानंद महाराज ने बुधवार को सभी सदस्यों को पहचान पत्र वितरण कर संघठन को मजबूत करने का आहवान किया। इस अवसर पर तेजानंदजी महाराज ने संघठन के लिए सदैव उपलब्ध रहने के अपने वादे को दोहराया। उन्होने संघठन के सदस्यों की सराहना करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानंद,प्रदेश उपाध्यक्ष भभुतराम कुलदानीया जाट माम्मबलम सैदापेट ईकाई के वर्तमान संरक्षक राजू दिलीप हाम्बड, तिलोकराम हाम्बड, भंवरलाल लेरचा, लाबुराम लेरचा, दुदाराम लेरचा, लाबुराम काग, बाबूलाल वेस्ट माम्मबलम, नारायण काग, दिलीप राठोड़, महेंद्र मूलेवा सभी सदस्य उपस्थित रहे।

गोल के लिए जद्दोजहद

जर्मनी में जर्मन कप फुटबॉल में खेलते हुए लीवरकूशेन के लियोन बेली व स्टीवन जूबेर।

न्यूज. ब्रीफ

हुड्डा और कृणाल मामले में जांच करें : इरफान पठान

मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने कहा है कि बड़ौदा क्रिकेट संघ (बीसीए) टीम के कप्तान कृणाल पंड्या और बल्लेबाज दीपक हुड्डा के बीच हुए विवाद की जांच करे। पठान ने कहा है कि इस प्रकार की घटनाओं से किसी भी खिलाड़ी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे पहले पंड्या पर खराब बर्ताव करने का अरोप लगाते हुए हुड्डा सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी20 टूनार्मेंट शुरू होने से एक दिन पहले ही शिविर छोड़कर चले गये थे। पठान ने ट्विटर पर जारी बयान में कहा, कोरोना महामारी के इस कठिन दौर में खिलाड़ी के मानसिक स्वास्थ्य का अत्यधिक महत्व होता है, क्योंकि उन्हें बायो-बबल (जैव-सुरक्षित) में रहते हुए खेल पर ध्यान देना होता है। उस समय ऐसी घटनाओं से किसी भी खिलाड़ी पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है और इससे बचना चाहिए। पठान ने टूनार्मेंट से पहले दो अनुभवी खिलाड़ियों से जुड़े इस मामले पर निराश जताते हुए बीसीए से जांच की मांग की। उन्होंने कहा, बीसीए के सभी सदस्यों इसकी जांच करने और ऐसे कार्यों की निंदा करने का अनुरोध करता हूं क्योंकि ये क्रिकेट के खेल के लिए अच्छा नहीं हैं। इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, बड़ौदा के पूर्व कप्तान के तौर पर मैंने कई युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया है। मैं समझता हूं कि टीम में सामंजस्यपूर्ण माहौल होना कितना अहम है जहां खिलाड़ी सुरक्षित महसूस कर सकें, खुलकर खेल सकें और टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकें। उन्होंने कहा, मैंने हुड्डा प्रकरण के बारे में जो सुना है अगर वह सच है तो यह वास्तव में हैरान करने वाली बात है। किसी भी खिलाड़ी के साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए।

मास्टर्स गोल्फ में अप्रैल में हो सकती है दर्शकों की वापसी

वाशिंगटन। आगस्टा मास्टर्स गोल्फ टूनार्मेंट के आयोजक अप्रैल में होने वाली इस शीर्ष प्रतियोगिता में सीमित संख्या में दर्शकों को आने की अनुमति देने पर विचार कर रहे हैं। आगस्टा नेशनल के चेयरमैन फ्रेड रिडले ने मंगलवार को कहा कि क्लब की आठ से 11 अप्रैल तक होने वाले मास्टर्स में दर्शकों को सीमित संख्या में प्रवेश देने की योजना है लेकिन इसके लिये कोविड-19 महामारी की रोकथाम के सभी उपाय किये जाएंगे। अप्रैल में अन्य गोल्फ कोर्स पर होने वाले मास्टर्स टूनार्मेंट की स्थिति हालांकि नवंबर जैसी ही होगी। रिडले ने कहा कि इसके लिये स्वास्थ्य और सुरक्षा के सभी उपाय अपनाये जाएंगे जिनमें कोरोना वायरस का अनिवार्य परीक्षण और मास्क पहनना भी शामिल है। उन्होंने कहा, हम सभी दर्शकों को अनुमति नहीं दे पाएंगे लेकिन हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि जिन्होंने आगस्टा नेशनल से टिकट खरीदे हैं उन्हें स्थिति सुधरने पर 2022 में यहां आने की अनुमति दी जाए।

स्ट्रैंडजा मेमोरियल से वापसी के लिये तैयार हैं भारतीय मुक्केबाज

नयी दिल्ली। कोविड-19 महामारी के कारण लंबे विश्राम के बाद भारतीय मुक्केबाज अगले दो महीनों में यूरोप में विभिन्न टूनार्मेंटों में हिस्सा लेंगे जिसकी शुरूआत बुल्गारिया में स्ट्रैंडजा मेमोरियल से होगी। भारतीय मुक्केबाजी के हाई परफोरमेन्स निदेशक सैंटियागो नीवा ओलंपिक खेलों के लिये अच्छी तैयारी चाहते हैं और इसलिए वह तोक्यो में होने वाले खेलों से पहले राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन भी चाहते हैं। नीवा ने पीटीआई-भाषा से कहा, इस साल हम बुल्गारिया में स्ट्रैंडजा मेमोरियल से शुरूआत करेंगे और इसके बाद उम्मीद है कि हंगरी में और उसके बाद एक और टूनार्मेंट होगा। इसके अलावा हम बेंगलुरू में राष्ट्रीय शिविर में रहेंगे और हो सकता है कि कुछ विदेशी टीमों को आमंत्रित करें। स्ट्रैंडजा मेमोरियल यूरोपीय सर्किट का सबसे पुराना मुक्केबाजी टूनार्मेंट है। इस साल इसका 72वां टूनार्मेंट 21 से 28 फरवरी के बीच सोफिया में होगा। नौ भारतीय मुक्केबाजों अमित पंघाल (52 किग्रा), मनीष कौशिक (63 किग्रा), विकास कृष्णन (69 किग्रा), आशीष कुमार (75 किग्रा), सतीश कुमार (91 किग्रा से अधिक), एमसी मेरीकॉम (51 किग्रा), सिमरनजीत कौर (60 किग्रा), लवलीना बोगोहैन (69 किग्रा), और पूजा रानी (75 किग्रा) - ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। कुछ और भारतीय मुक्केबाज ओलंपिक खेलों से एक या दो महीने पहले होने वाले विश्व क्वालीफायर्स के जरिये भी तोक्यो का टिकट कटा सकते हैं।

भारत लाये जा सकते हैं घायल रेसर संतोष

मुम्बई। सऊदी अरब में डकार रैली में गंभीर रुप से घायल हीरो मोटोस्पोर्ट्स टीम के रेसर संतोष अभी भी अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में बने हुए हैं हालांकि उन्हें भारत लाया जा सकता है। हीरो मोटोस्पोर्ट्स ने कहा, संतोष की स्थिति बनी हुई है और डॉक्टर उस पर नजर रखे हुए हैं। स्कैन और आंकलन के आधार पर उन्हें भारत लाये जाने की मंजूरी दे दी गई है। सैतीस साल के संतोष डकार रैली के दौरान गत बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गये थे, जिसमें उन्हें गंभीर चोट आयी थी।

| चौथे टेस्ट के लिए अभ्यास: ऑस्ट्रेलिया से सीरीज जीतने की तैयारी |

ब्रिस्बेन में टीम इंडिया ने प्रैक्टिस शुरू की, रवि शास्त्री ने दिए टिप्स

ब्रिस्बेन

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 4 टेस्ट की सीरीज का आखिरी मैच ब्रिस्बेन में 15 जनवरी से खेला जाएगा। इसको लेकर टीम इंडिया ने मंगलवार से प्रैक्टिस शुरू कर दी है। दोनों टीम के बीच सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। तीसरा मैच ड्रॉ रहा था। ऐसे में आखिरी टेस्ट जीतने वाली टीम सीरीज पर कब्जा जमा लेगी।

बीसीसीआई ने प्रैक्टिस के फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किए। कैप्शन में लिखा- सिडनी में टीम इंडिया ने शानदार खेल दिखाया था। टीम अब फिर एकजुट होकर मैदान पर प्रैक्टिस के लिए उतरी। अब गाबा (ब्रिस्बेन) के मैदान पर आखिरी मुकाबले के लिए तैयारी शुरू हुई।

शार्दूल को मिल सकता है मौका

प्रैक्टिस सेशन में कोच रवि शास्त्री सभी खिलाड़ियों से बात करते दिख रहे हैं। उप-कप्तान रोहित शर्मा भी युवा खिलाड़ियों को समझाइस देते दिखाई दे रहे। प्रैक्टिस सेशन में शार्दूल ठाकुर के साथ जसप्रीत बुमराह भी नजर आए। बुमराह चोटिल होकर सीरीज से बाहर हो चुके हैं। उनकी जगह शार्दूल को मौका मिल सकता है। भारतीय टीम को आस्ट्रेलिया दौरे पर लगातार चोटों का सामना करना पड़ रहा है। टेस्ट श्रृंखला शुरू होने से पहले ही इशांत शर्मा और भुवनेश्वर कुमार चोटों के कारण बाहर हो गये थे। पहले टेस्ट में बांह में चोट के कारण मोहम्मद शमी भी श्रृंखला के बाकी मैचों में हिस्सा नहीं ले सके जबकि उमेश यादव पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अंतिम दो टेस्ट से बाहर हो गये।

अश्विन विहारी ने दर्द के बावजूद सिडनी टेस्ट कराया ड्रा

रविचंद्रन अश्विन और हनुमा विहारी दर्द के बावजूद भारत को सिडनी में ड्रा कराने में सफल रहे और अंतिम मैच में उनकी भागीदारी भी निश्चित नहीं है। विकेटकीपर ऋषभ पंत ने सिडनी में 97 रन की पारी खेली लेकिन पहली पारी में लगी चोट के कारण विकेटकीपिंग नहीं कर सके थे। सीरीज के निर्णायक मुकाबले से पहले टीम इंडिया के लिए मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। ऑस्ट्रेलिया टूर पर अब तक 9 खिलाड़ी इंजर्ड हो चुके हैं। इनमें मोहम्मद शमी, उमेश यादव, लोकेश राहुल, हनुमा विहारी, रविंद्र जडेजा, ऋषभ पंत, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रीत बुमराह और मयंक अग्रवाल शामिल हैं। इनमें से बुमराह, विहारी, जडेजा, राहुल, शमी और उमेश सीरीज से बाहर हो चुके हैं।

मौजूदा हालत में भारतीय टीम

बैट्समैन: अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रोहित शर्मा (उप-कप्तान), मयंक अग्रवाल, पृथ्वी शॉ, चेतेश्वर पुजारा, शुभमन गिल। **ऑलराउंडर:** रविचंद्रन अश्विन। **विकेटकीपर:** ऋद्धिमान साहा, ऋषभ पंत। **बॉलर:** नवदीप सैनी, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, टी नटराजन, शार्दूल ठाकुर।

मुश्ताक अली ट्रॉफी : पुनीत बिष्ट चमके, मेघालय ने मिजोरम को रौंदा, दिल्ली की लगातार दूसरी जीत

चेन्नई ■ एजेंसी

कप्तान पुनीत बिष्ट की 51 गेंद में खेली गई 146 रन की शतकीय पारी से मेघालय ने बुधवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूनार्मेंट के प्लेट ग्रुप मैच में मिजोरम पर 130 रन की बड़ी जीत दर्ज की। दिल्ली की ओर से खेल चुके बिष्ट ने मिजोरम की गेंदबाजी की धज्जियां उड़ाते हुए अपनी शतकीय पारी के दौरान छह चौके और 17 छक्के जड़े। बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद मेघालय ने बिष्ट के शतक और योगेश तिवारी के 53 रन की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 230 रन बनाए। मिजोरम की टीम इसके जबाव में 20 ओवर में नौ विकेट पर महज 100 रन ही बना सकी। अन्य मैचों में बिहार ने सिक्किम को आठ विकेट से हराकर अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की जबकि चंडीगढ़ और नगालैंड ने भी जीत दर्ज की।

दिल्ली ने आंध्र को छह विकेट से हराया

दिल्ली ने बुधवार को यहां आंध्र प्रदेश को 6 विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप ई मैच में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में आंध्र की टीम पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नौ विकेट पर 124 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से अश्विन हेब्बर ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। दिल्ली की तरफ से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए। इशांत शर्मा ने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट हासिल किए। उनके अलावा सिमरजीत सिंह और ललित यादव ने भी 2-2 विकेट लिए। दिल्ली की शुरूआत अच्छी नहीं रही और जल्द ही उसका स्कोर 2 विकेट पर 10 रन हो गया। पवेलियन लौटने वाले बल्लेबाजों में कप्तान शिखर धवन (पांच) और उनके सलामी जोड़ीदार हितेन दलाल (चार) शामिल थे। इसके बाद नितीश राणा (27) और अनुज रावत (32) ने तीसरे विकेट के लिये 52 रन की साझेदारी की। इन दोनों के आउट होने के बाद हिम्मत सिंह (नाबाद 32) और ललित यादव (नाबाद 20) टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। दिल्ली ने अपने पहले मैच में मुंबई को हराया था। ग्रुप ई के एक अन्य मैच में हरियाणा ने हिमांशु राणा के 58 और शिवम चौहान के 45 रन की मदद से पुदुच्चेरी को छह विकेट से पराजित किया। पुदुच्चेरी ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर शेल्डन जैकसन के 82 रन की मदद से चार विकेट पर 148 रन बनाए। हरियाणा ने 19 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया।

श्रीसंत की सात साल बाद क्रिकेट में हुई वापसी

मुम्बई । पूर्व तेज गेंदबाज एस. श्रीसंत की सात साल बाद क्रिकेट की मैदान मे वापसी हुई है। श्रीसंत ने घरेलू क्रिकेट सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी में केरल की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए पुडुचेरी के खिलाफ 4 ओवर में 29 रन देकर एक विकेट लिया। इस मैच में पहला विकेट मिलते ही श्रीसंत भावुक हो गए और उन्होंने पिच को प्रणाम कर धन्यवाद अदा किया। पुडुचेरी के खिलाफ वापसी करते श्रीसंत काफी अक्रामक दिखाई दिए। उन्होंने अपने स्पैल के दूसरे ओवर में ही विकेट हासिल कर लिया। श्रीसंत ने मैच में शानदार गेंदबाजी की और बल्लेबाजों को अपनी स्विंग के साथ बांधे रखा। श्रीसंत को उम्मीद है कि वह घरेलू क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन के कारण एक बार फिर भारतीय टीम में जगह बनाने में सफल हो जाएंगे। श्रीसंत भारतीय टीम के लिए दो विश्व कप जीतने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। श्रीसंत साल 2007 में टी20 विश्व कप और 2011 में विश्व कप जीतने वाली टीम में शामिल थे। मुश्ताक अली ट्रॉफी के इस मैच में केरल की टीम ने पुडुचेरी की टीम को 6 विकेट से हराकर अपनी अच्छी शुरूआत की। पहले बल्लेबाजी करने आई पुडुचेरी की टीम ने 138 रन बनाए। वहीं केरल की टीम ने 18.2 ओवर में ही 4 विकेट के नुकसान पर यह लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच फिक्सिंग मामले में प्रतिबंध के कारण वह सात साल तक खेल से दूर थे।

अख्तर ने किया खुलासा- पीसीबी ने मिस्बाह को हटाने का फैसला किया

इस्लामाबाद ■ एजेंसी

पाकिस्तान को हाल ही में न्यूजीलैंड में 2-0 से टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। इस हार का जिम्मा पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कोच और पूर्व क्रिकेटर मिस्बाह उल हक पर लगाया जा रहा था और रिपोर्ट्स में ये बात सामने आई थी कि उन्हें कोच पद से हटाया जा सकता है। अब पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने खुलासा किया है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मिस्बाह को कोच पद से हटाने का फैसला कर लिया है।

अख्तर ने अपने यूट्यूब चैनल पर इस बात का खुलासा करते हुए कहा कि आपने पाकिस्तान क्रिकेट टीम का तमाशा एक बार फिर देखा होगा। उन्होंने कमेटी बना दी, पीसीबी अपने उपर लगे इल्जाफ कमेटी पर रख देता है। कमेटी ने ये कहा था हमने वह फैसला लिया था। उन्होंने कहा, मिस्बाह को हटाने का फैसला कर लिया गया है। उनकी जगह एंडी फ्लावर नए कोच के रूप में फाइनल हो चुके हैं। उन्होंने कहा, एंडी इसलिए कोच पद नहीं संभाल रहे क्योंकि वह मुल्तान सुलतांस के कोच हैं और वह चाहते हैं कि मेरे इस साल के पीएसएल के पैसे बन जाए फिर उसके बाद में टेकओवर करूंगा।

सात महीने बाद परिवार से मिले वकार युनिस

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के गेंदबाजी कोच के तौर पर टीम के साथ यात्रा करने और जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में रहने के कारण वकार यूनिस सात महीने से अपने परिवार से नहीं मिल सके थे, लेकिन आखिरकार उन्हें घर पर कुछ समय बिताने का मौका मिल गया। वकार (49 वर्ष) पहले अपनी टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर थे, जिससे पहले देश ने जिम्बाबे की मेजबानी की थी। फिर टीम न्यूजीलैंड के दौरे पर चली गई थी। पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड में दो टेस्ट खेले लेकिन वकार को पहले मैच में 101 रन की हार के बाद घर लौटने की अनुमति दे दी गयी ताकि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने होने वाली घरेलू श्रृंखला से पहले अपने परिवार के साथ समय बिता सकें। वकार ने बुधवार को पत्रकारों से कहा कि मैंने पिछले सात महीनों में अपने परिवार को नहीं देखा था और मुझे क्रिकेट बोर्ड से अपने परिवार के साथ समय बिताने की अनुमति मिल गयी। क्रिकेट पर ही दुनिया खत्म नहीं हो जाती। जिंदगी में कुछ अन्य भी चीजें है जो महत्वपूर्ण है।

लाटीविया में कोनटीनेंटल आईस हॉकी लीग में खेलते हुए डिनामो के ग्लेब व मास्को के मैक्सिम।

आईपीएल के कारण चोटिल हुए हैं क्रिकेट : लैंगर

ब्रिसबेन ■ एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कोच जस्टिन लैंगर ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के कारण क्रिकेटर चोटिल हो रहे हैं। लैंगर ने कहा है कि पिछले सत्र में गलत समय पर आईपीएल का आयोजन हुआ था। कोरोना महामारी के कारण आईपीएल सितंबर से नवंबर के बीच यूएई में खेला गया जबकि आम तौर पर यह लीग अप्रैल मई में होती है। आईपीएल के बाद से ही कई भारतीय खिलाड़ी चोटिल हुए हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया टीम को भी फिटनेस से जड़ी परेशानियां आई हैं। लैंगर ने कहा, इस सत्र में चोटों की सूची लंबी हो रही है। मुझे लगता है कि आईपीएल 2020 की टाइमिंग सही नहीं थी। खास तौर पर इतनी बड़ी श्रृंखला से पहले तो इसका

आयोजन बिलकुल सही नहीं कहा जा सकता। इसमें भारत के करीब नौ खिलाड़ी चोटिल हुए हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को भी पहले दोनो टेस्ट से बाहर रहना पड़ा, इसके अलावा विल पुलोवस्की भी घायल हुए हैं। लैंगर ने हालांकि आईपीएल की तारीफ करते हुए कहा, मुझे आईपीएल पसंद है। यह उसी तरह है जैसे मेरे लिए काउंटी क्रिकेट था। काउंटी खेलकर क्रिकेट कौशल का विकास होता था और अब आईपीएल से सीमित ओवरों के खेल में निखार आया है। उन्होंने कहा, लेकिन इस बार टाइमिंग सही नहीं थी।

चुनौती ऐमजॉन ने रिलायंस रीटेल और फ्यूचर ग्रुप के सौदे के बारे में दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी

ऐमजान अंबानी को वॉकओवर देने के मूड में नहीं

नई दिल्ली ■ एजेंसी

जेफ बेजोस (की अगुवाई वाली प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनी ऐमजॉन भारत के रीटेल सेक्टर में मुकेश अंबानी को वॉकओवर देने के मूड में नहीं हैं। ऐमजॉन ने रिलायंस रीटेल और फ्यूचर ग्रुप के सौदे के बारे में दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। कोर्ट ने कहा था कि फ्यूचर रीटेल लिमिटेड के एसेट्स को खरीदने के लिए रिलायंस रीटेल के डील में कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन ऐमजॉन ने इस चुनौती देते हुए कहा है कि सिंगल जज बेंच का फैसला सही नहीं है और इसे खारिज किया जाना चाहिए। ऐमजॉन ने इस बारे में दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की। पिछले महीने हाई कोर्ट ने फ्यूचर रीटेल लिमिटेड की याचिका को खारिज कर दिया था। कंपनी ने रिलायंस के साथ उसकी डील में ऐमजॉन को हस्तक्षेप करने से रोकने की मांग की थीद्व लेकिन कोर्ट ने साथ ही कहा कि यह सौदा एकदम खरा है। कोर्ट ने कहा कि मध्यस्थता करार प्रमोटर कंपनी फ्यूचर कूपंस प्राइवेट लिमिटेड और ऐमजॉन के बीच था। यह ऐमजॉन और फ्यूचर रीटेल लिमिटेड के बीच नहीं था। इसे फ्यूचर ग्रुप की दूसरी कंपनियों के साथ जोड़ना विदेशी विनिमय कानूनों का उल्लंघन होगा। सिंगापुर इंटरनेशनल अरबिट्रेशन सेंटर (एसआईएसी) ने पिछले साल नवंबर में ऐमजॉन की याचिका पर अपने अंतरिम फैसले में कहा था कि आ?खिरी फैसला आने तक फ्यूचर-रिलायंस सौदे को रोक दिया जाना चाहिए। ऐमजॉन को डर है कि दिल्ली हाई कोर्ट का फैसला सिंगापुर में आर्बिट्रेशन प्रॉसीडिंग को प्रभावित कर सकता

है। कंपनी ने अपनी ताजा याचिका में कहा है कि इस विवाद पर भारत में सिविल कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकती है और इसे सिंगापुर के आर्बिट्रेशन पैनल के हवाले किया जाना चाहिए। इससे पहले ऐमजॉन ने मार्केट रेग्युलेटर सेबी और स्टॉक एक्सचेंजों से भी फ्यूचर-रिलायंस डील की समीक्षा करने को कहा था। कंपनी का तर्क है कि दिल्ली हाई कोर्ट ने उसके पक्ष में फैसला दिया है और इसलिए इस सौदे को रोका जाना चाहिए। ऐमजॉन ने साथ ही फ्यूचर रीटेल लिमिटेड पर हाई कोर्ट के आदेश की गलत व्याख्या करने का भी आरोप लगाया है। ऐमजॉन की फ्यूचर रीटेल लिमिटेड में 5 फीसदी हिस्सेदारी है। यह हिस्सेदारी फ्यूचर कूपंस प्राइवेट लिमिटेड के जरिए है जिसमें ऐमजॉन का 49 फीसदी ?हिस्सा है। अमेरिकी कंपनी ने 2019 में 1500 करोड़ रुपए में यह हिस्सेदारी खरीदी थी। फ्यूचर ग्रुप ने अगस्त 2020 में अपनी सारी रीटेल संपत्ति 25000 करोड़ रुपए में बेचने के लिए रिलायंस के साथ सौदा किया था। इसके बाद से ही फ्यूचर और ऐमजॉन में ठनी हुई है। ऐमजॉन ने फ्यूचर पर उसके साथ हुए एग्रीमेंट का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।

हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार

मुंबई । मुम्बई शेयर बाजार बुधवार को हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही मुनाफावसूली से आई है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद नीचे आने लगा और 25 अंक के नुकसान के साथ बंद हुआ। दिनभर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 24.79 अंक करीब 0.05 फीसदी के नुकसान से 49,492.32 अंक पर बंद हुआ। वहीं कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 49,795.19 अंक के अपने सबसे शीर्ष स्तर पर भी पहुंचा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 1.40 अंक तकरीबन 0.01 फीसदी के लाभ के साथ ही 14,564.85 अंक के अपने नए रिकॉर्ड पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान इसने 14,653.35 अंक का उच्चस्तर भी हासिल किया। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक करीब छह फीसदी ऊपर आया। इसके साथ ही एसबीआई, आईटीसी, एनटीपीसी, भारती एयरटेल और ओएनजीसी के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी, बजाज फिनसर्व, टाइटन, सन फार्मा और डॉ. रेड्डीज के शेयरों में गिरावट आई। जानकारों के अनुसार उतार-चढ़ाव के कारण बाजार ने अपना शुरूआती लाभ गंवा दिया। इसके साथ ही निवेशकों की बड़ी तादाद में मुनाफावसूली से भी बाजार प्रभावित हुआ है।

कोरोना वैक्सीन सुरक्षित है, महाभियान को सफल बनाएं: मुख्यमंत्री

कोरोना वैक्सीन के संबंध में वीडियो कान्फ्रेंस द्वारा कलेक्टर्स से चर्चा, नेशनल हेल्थ मिशन के मुख्यालय भवन का उद्घाटन

ग्वालियर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना वायरस से बचाव के लिए वैक्सीन आ गई है जो किसी संजीवनी बूटी से कम नहीं है। नागरिकों को क्रमानुसार इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अब हमें कोरोना महामारी का पूरी तरह समापन करना है। टीकाकरण के प्रथम चरण में करीब सवा चार लाख हेल्थ केयर वर्कर्स को टीका लगाया जाएगा जिन्होंने हम सभी की जिन्दगीबचाने का कार्य किया है। कोविशील्ड और कोवैक्सीन दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आव्हान किया कि जिलों के प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, मीडिया इसके बारे में किसी भ्रामक जानकारी या अफवाहों को न पनपने दें और इस महाभियान को सभी मिलकर सफल बनाने में सहयोग दें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि 16 जनवरी को पहला टीका किसी सफाई कर्मचारी को लगाने का प्रयास है। यह सफाई कर्मियों की सेवाओं का सम्मान भी होगा जो कोरोना के संकटकाल में उन्होंने प्रदान की हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज एनएचएम भवन के उद्घाटन के पश्चात कोविड-19 टीकाकरण के संबंध में कलेक्टर्स और कमिश्नर्स के साथ चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी और चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग भी उपस्थित थे। वीडियो कान्फ्रेंस में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस भी उपस्थित थे।

दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री मोदी बधाई के पात्र हैं, संकट को पहचाना, व्यवस्थाएं कीं-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगाने का कार्य 16 जनवरी को सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। यह दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री श्री मोदी को बधाई देता हूँ। वे दूरदर्शी हैं। उन्होंने पहले ही संकट को पहचान लिया था। प्रधानमंत्री ने तो कोरोना आते ही टास्क फोर्स बना दिया था। उन्होंने सभी व्यवस्थाएं कीं और लोगों को वायरस से बचाने का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय रहते लॉकडाउन हो जाने से आवश्यक व्यवस्थाएं करने का समय भी मिला। प्रधानमंत्री के आह्वान पर सभी

एकजुट हुए। मध्यप्रदेश में आउट ऑफ कंट्रोल नहीं होने दिया गया। कोरोना से नागरिकों के बचाव के लिए सभी आवश्यक प्रबन्ध किए गए।

महाभियान के विभिन्न चरण-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि 16 जनवरी से प्रारंभ हो रहे अभियान के लिए जिलों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। केन्द्र सरकार द्वारा वैक्सीन की सेफ्टी की पुष्टि की गई है। प्रत्येक नागरिक को दो डोज लगेंगे। पहला डोज लगने के पश्चात इसे 28 दिन के पश्चात पुन- लगाया जाएगा। इसके 14 दिन पश्चात मानव शरीर में एंटी बॉडी का निर्माण होगा। टीका लगने के बाद तत्काल प्रभाव नहीं होता है। प्रदेश में जिलावार वैक्सीन का आवंटन किया गया है। शिकायत और सुझाव प्राप्त करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं हैं। शासकीय अस्पतालों के साथ ही निजी अस्पतालों को भी वैक्सीन लगाने के लिए चिन्हित किया गया है।

जिन्होंने संकट के समय सेवा की, उन्हें सबसे पहले लगेगी वैक्सीन-मुख्यमंत्री ने कोविड-19 से बचाव के लिए प्रारंभ हो रहे टीकाकरण महाभियान के संबंध में समस्त कलेक्टर-कमिश्नर के साथ वीडियो कान्फ्रेसिंग द्वारा चर्चा की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उन सभी वारियर्स को प्रणाम किया, जिन्होंने संकट के समय दूसरों की जान बचाने का कार्य किया और सेवा में संलग्न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीकाकरण का प्रोटोकॉल तय किया गया है। वैक्सीन उन्हें ही पहले लगेगी जिनका क्रम है। इनमें फ्रंट लाइन वर्कर्स जैसे पुलिस कर्मी, राजस्व अमला भी शामिल है और उनका सबसे पहले सुरक्षित होना जरूरी भी है। टीकाकरण के लिए पंजीयन जिस क्रम में हुआ, टीके भी उसी क्रम में लगेंगे। इस महाभियान में पहले किसी को टीका लगाने के लिए सिफारिश करने के कार्य भी नहीं होंगे।

धर्म गुरु, समाज सेवी, नागरिकों को दें अभियान की जानकारी-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आव्हान किया कि सभी धर्म गुरु, जिला प्रशासन वैक्सीन लगाने की इस प्राथमिकता की जानकारी आमजन को दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महाभियान से संबंधित कोई अफवाह फैले तो उसे सही जानकारी देकर समझाया जाए। वीडियो कान्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों वैक्सीन एक जैसी हैं। भंडारण, परिवहन के दिए गए निर्देशों का पालन हो। सभी अधिकारी, जन प्रतिनिधि, आमजन सहयोग देकर इसे निर्विघ्न संपन्न करने का कार्य करें। इस महाभियान को सफल बनाएं। किसी को यदि वैक्सीन के बाद छोटी-मोटी एलर्जी भी हो तो उस दशा में घबराने की आवश्यकता नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापक जनहित के इस कार्य के संबंध में नकारात्मक संदेश न जाए, यह प्रयास करें। वास्तविक और प्रामाणिक जानकारी देने के लिए स्वास्थ्य विभाग भी सक्रिय रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि वैक्सीन के संबंध में मीडिया बंधु भी सही जानकारियां देंगे, यही आग्रह है। वैक्सीन सुरक्षित है। आमजन को यह जानकारी मिलना चाहिए।

परीक्षण के बाद हुआ है वैक्सीन का चयन-प्रारंभ में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने वैक्सीनेशन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत में बनाई गई स्वदेश की वैक्सीन को देश-विदेश की उत्कृष्ट वैज्ञानिक संस्थाओं ने गहन परीक्षण और विश्लेषण के बाद स्वीकृत किया है। कई महीनों की मेहनत के बाद भारत में यह दो वैक्सीन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की कोविशील्ड और भारत बायोटेक की कोवैक्सीन स्वीकृत की गई हैं। अब दूसरे देशों से वैक्सीन इंपोर्ट करने की आवश्यकता नहीं है। प्रथम चरण में हेल्थ वर्कर्स, द्वितीय चरण में फ्रंट लाइन वर्कर्स का टीकाकरण होगा, तृतीय चरण में पचास वर्ष की आयु से अधिक सभी नागरिकों तथा ऐसे नागरिकों जो पचास वर्ष से कम आयु के हैं परन्तु मधुमेह और उच्च रक्तचाप की समस्या से ग्रस्त हैं उनका टीकाकरण किया जाएगा। वर्तमान में कोविशील्ड के पांच लाख डोज प्रदेश को मिले हैं। अगले चार सप्ताह में 2.25 लाख हेल्थ केयर वर्कर्स को ये डोज लगाए जाएंगे।

नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वीडियो कान्फ्रेंस के पश्चात एनएचएम भवन में कोविड वैक्सीनेशन महाभियान के संबंध में बनाए गए राज्य नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया और कार्य पद्धति के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

एनएचएम भवन का उद्घाटन-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मुख्य मार्ग क्रमांक-3, पत्रकार कालोनी के पास, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 27.42 करोड़ की लागत से निर्मित मुख्यालय भवन का उद्घाटन किया।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह आज कलेक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक लेंगे

शहर के वार्ड-61 से 66 तक के विकास कार्यों और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की करेंगे समीक्षा

ग्वालियर। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट के सभागार में अहम बैठक लेंगे। इस बैठक में राजस्व विभाग तथा शहर के वार्ड 61 से 66 तक के विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की समीक्षा भी इस बैठक में होगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह 15 जनवरी को प्रात- 10 बजे जी-13 थाटीपुर स्थित अपने स्थानीय कार्यालय में जनसामान्य से भेट कर उनकी समस्याऐं सुनेंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट के सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेंगे। इस बैठक के बाद श्री कुशवाह अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे और इसके बाद दंगियापुरा पहुँचकर रात्रि विश्राम करेंगे। राज्य मंत्री श्री कुशवाह 16 जनवरी को दोपहर एक बजे ग्राम आरोरा एवं जिगनिया में नल-जल योजना सहित अन्य विकास कार्यों का भूमि पूजन व लोकार्पण करेंगे। साथ ही यहां आयोजित जन-समस्या निवारण शिविर में भाग लेंगे। श्री कुशवाह इसी कड़ी में अपरान्ह 3 बजे ग्राम चक गुंधारा में जन-समस्या समाधान शिविर में शामिल होंगें। साथ ही नल-जल योजना एवं अन्य विकास कार्यों का भूमि पूजन व लोकार्पण भी करेंगे। श्री कुशवाह इसके बाद ग्वालियर पहुंच कर रात्रि विश्राम करेंगे। ग्वालियर प्रवास के दौरान राज्य मंत्री श्री कुशवाह 17 जनवरी को प्रात- 11 बजे से दोपहर एक बजे तक थाटीपुर स्थित अपने स्थानीय कार्यालय पर जन-सामान्य से भेट कर उनकी समस्यायें व कठिनाईयां सुनेंगे। श्री कुशवाह इसके बाद अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

एक नजर...

जब्तशुदा धान के संबंध में तीन दिवस के भीतर दावेदारी प्रस्तुत की जा सकेगी

रेंहट में जब्त हुआ था 800 बोरी संदिग्ध धान

ग्वालियर। जब्तशुदा धान की दावेदारी के संबंध में तीन दिवस के भीतर कलेक्टर कार्यालय स्थित खाद्य शाखा में दस्तावेज व साक्ष्य प्रस्तुत किए जा सकते हैं। इस अवधि के बाद किसी भी व्यक्ति या फर्म के दावे को स्वीकार नहीं किया जायेगा। जिला आपूर्ति नियंत्रक से प्राप्त जानकारी के मुताबिक तहसीलदार घाटीगाँव द्वारा गत 4 दिसम्बर को रेंहट स्थित श्री सिद्धि दाउजी फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पम्प परिसर से लगभग 800 बोरी धान संदिग्ध रूप से रखी पाई जाने पर जब्त की गई थी। इस धान का दुरूपयोग समर्थन मूल्य पर किए जा रहे उपार्जन में न हो, इस बात को ध्यान में रखकर धान जब्त कर कृषि साख सहकारी समिति रेंहट की सुपुर्दगी में रखा गया था। अभी तक किसी भी व्यक्ति या फर्म ने इस धान पर अपनी दावेदारी प्रस्तुत नहीं की है।

ध्रुपद केन्द्र भोपाल में छात्रवृत्ति के लिये आवेदन आमंत्रित

ग्वालियर। मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के अंतर्गत संचालित उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी की ओर से गुरू-शिष्य परम्परा के तहत ध्रुपद गायन का प्रशिक्षण अकादमी के ध्रुपद केन्द्र में दिया जायेगा। अकादमी ने प्रशिक्षण के लिये प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के लिये 21 जनवरी 2021 तक आवेदन आमंत्रित किये हैं। प्रशिक्षण की अवधि 4 वर्ष रहेगी। चयनित प्रतिभागी को प्रशिक्षण के दौरान प्रतिमाह 3 हजार रूपये बतौर छात्रवृत्ति दी जायेगी। आवेदक की उम्र 16 से 25 वर्ष होनी चाहिए। भारत की संस्कृति में प्रतिष्ठित गुरू-शिष्य परम्परा के निर्वहन के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण दिया जायेगा। अधिक जानकारी अकादमी की वेबसाइट एवं अन्य माध्यम से डाउनलोड की जा सकती है। आवेदन पत्र की फोटो प्रतियाँ (ए-4 साईज) भी स्वीकार की जायेंगी।

आईटीआई में प्रवेश के लिए 16 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित

ग्वालियर। प्रदेश के सरकारी और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रिक्त 8 हजार 363 सीटों के लिए आवेदन 16 जनवरी तक किए जा सकते हैं। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा आईटीआई में फिर से प्रवेश प्रक्रिया 6 जनवरी से प्रारंभ की गई है। प्रवेश के लिए मेरिट सूची 14 जनवरी को जारी की जायेगी। आवेदक 15 जनवरी को संबंधित आईटीआई में अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे। इसी दिन अभ्यार्थियों की मेरिट सूची दोपहर 3.00 बजे जारी की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान 19 जनवरी को संबल योजना में राशि वितरित करेंगे

ग्वालियर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 19 जनवरी को संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि वितरण कार्यक्रम आपका संबल-आपकी सरकार में हितग्राहियों को सहायता राशि वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान संबल योजना के हितग्राहियों को 19 जनवरी 2021 को दोपहर 3 बजे मिंटो हॉल भोपाल में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक कर डीबीटी के माध्यम से करेंगे। हितलाभ वितरण के मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में होगा। प्रदेश की सभी जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों में यह कार्यक्रम सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के दौरान बड़वानी, उज्जैन, बैतूल और जबलपुर जिलों से एक-एक हितग्राही से मुख्यमंत्री श्री चौहान संवाद करेंगे।

आबकारी उप निरीक्षक मुरैना श्री दिनेश कुमार निगम निलंबित

ग्वालियर। मुरैना में शराब पीने से हुई मौतों की घटना को गंभीरता से लेते हुए आबकारी उप निरीक्षक मुरैना श्री दिनेश कुमार निगम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। श्री दिनेश निगम को प्रथम दृष्टि में पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण में कमी तथा अपनें कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता बरतने का दोषी पाया गया है। आबकारी आयुक्त श्री राजीव दुबे ने श्री निगम को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिये हैं।

एक आदतन आरोपी जिला बदर एवं दो आरोपियों को देना होगा बंध पत्र

ग्वालियर। जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने एक आदतन आरोपी को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। साथ ही दो आदतन आरोपियों को पुलिस थानों में बंध पत्र प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर लोक शांति एवं जन सुरक्षा को ध्यान में रखकर जिला दण्डाधिकारी ने यह आदेश जारी किए हैं। जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने आरोपी जितेन्द्र उर्फ लालो गुर्जर निवासी ग्राम जतरथी थाना क्षेत्र भितरवार जिला ग्वालियर के विरूद्ध जिला बदर के आदेश पारित किए हैं। आरोपी जितेन्द्र उर्फ लालो गुर्जर को ग्वालियर जिला एवं निकटवर्ती जिले भिण्ड, मुरैना, शिवपुरी एवं दतिया जिले की सीमाओं से 6 माह तक की अवधि के लिये बाहर चले जाने के आदेश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त आदतन आरोपी अमर पाण्डे पुत्र विशन स्वरूप पाण्डे निवासी खटीक मोहल्ला थाना क्षेत्र मुरार एवं अपराधी शैलु उर्फ उपेन्द्र गुर्जर पुत्र नत्था गुर्जर निवासी ग्राम बागवई थाना क्षेत्र भितरवार जिला ग्वालियर को तीन दिन के अंदर अपने संबंधित थानों में 50 - 50 हजार रूपए का बंध पत्र प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए हैं। इन आरोपियों को हर माह की एक एवं 15 तारीख को संबंधित थाना में उपस्थित होकर हाजिरी भी दर्ज करानी होगी।

मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी के लिए

5 फरवरी तक होंगी कलाकृतियाँ मान्य होंगीं

ग्वालियर। उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी-2021 का आयोजन किया जा रहा है।इस आयोजन में अकादमी द्वारा मध्यप्रदेश के ख्यातिलब्ध कलाकारों के नाम से स्थापित रूपंकर एवं ललित कलाओं के 10 पुरस्कारों के लिये कलाकृतियाँ आमंत्रित की जा रहीं हैं। प्रत्येक पुरस्कार की राशि 51 हजार रूपये होगी। कलाकृतियों के साथ प्रदर्शनी में प्रवेश शुल्क 200 रूपये नगद जमा कराने होंगे। प्रदर्शनी में 3 कलाकृतियाँ मान्य की जायेंगी तथा 25 से 55 वर्ष तक की आयु के कलाकार भाग ले सकेंगे। जनवरी 2019 के बाद सृजित कलाकारों की मौलिक कृतियाँ ही मान्य की जायेंगी। कला प्रदर्शनी की विवरणिका कला वीथिका-ग्वालियर, राजा मान सिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय-ग्वालियर, शासकीय ललित कला महाविद्यालय जबलपुर, धार, खण्डवा, इंदौर, ग्वालियर, कालिदास अकादमी उज्जैन तथा अकादमी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कलाकृतियाँ उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी रवीन्द्र नाथ ठाकुर मार्ग, बाणगंगा चौराहा भोपाल एवं ललित कला अकादमी जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर में 5 फरवरी 2021 शाम 5 बजे तक जमा होंगी। इसके बाद प्राप्त होने वाली कलाकृतियाँ स्वीकार नहीं की जायेंगी।

मेला टलने के आसार

ग्वालियर मेला अब शायद ही लग पाये, 14 जनवरी तक मेले के आयोजन की घोषणा नहीं होने से स्पष्ट है कि मेला अब अगले साल ही लग पायेगा। हालांकि अभी भी मेला लगाने की पैरवी मेला व्यापारी संघ लगातार कर रहा है। लेकिन मेला सिर्फ श्रेय लेने के कारण टलता जा रहा है। अब संभावना इस बात की भी बन रही है कि मेले का आयोजन मेरठ के नौंचंदी मेले की तरह मार्च के प्रथम सप्ताह से किया जाये, ताकि सर्दी समाप्त होने के साथ और कोरोना वैक्सीन के साथ ही कोरोना को विदाई देकर मेले का आयोजन किया जाये। अब मेला केवल कैट , मेला व्यापारी संघ के क्रेडिट लेने व स्वयं हीरो बनने के चक्कर में टल रहा है। कैट के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन भी लगातार लघु , मध्यम उद्योग मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा से मिलकर अपनी नई कैट की दुकान जमाने के चक्कर में है। लेकिन चेंबर ऑफ कामर्स के पदाधिकारी अपने आकाओं के माध्यम से मेला टलवाते जा रहे हैं।

GPS BASED VEHICLE TRACKING SYSTEM & MANAGEMENT FROM W2TRACK SOLUTIONS
Please call us for demo/order: +91 9827270016/7738373527/7738373526
जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग और वाहन प्रबंधन प्रणाली - अपने परिवहन प्रणाली को अधिक उत्पादक, सुरक्षित और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाएं।
W2TRACK
✓GPS based Track, Monitor & Analyze your vehicles in real-time
✓Digital records of all your fleet operations at Central place
✓Optimise your Routes, Scheduling and Dispatch
✓Improve Driver Behaviour, remotely immobilize vehicle etc.
✓Improve productivity, efficiency & safety
✓Manage fleet expenses & reduce operational cost (ROI)
✓Power Your Fleets with Latest AIS 140 GPS Devices
Website & Mobile based Application/Software
MAKE IN INDIA
₹2999
Basic GPS Based Fleet Monitoring System with Advanced Reporting
RTO ApprovedNTEGRATEDAIS 140 GPS Device (ARAI/ICAT Approved)
PUBLIC TRANSPORT VEHICLES
-SCHOOL BUSES
-TAXI/CABS
-TRANSIT BUSES
-INTERCITY BUSES
COMMERCIAL VEHICLES
SABA TECHNOSOFT
Deliver The Best, Performance Assured
₹5999
GSTIN: 27ACUFS2949C1ZO www.w2track.com (Locations:PAN India GPS Service)

प्रो.- विपिन सिंह तोमर
(संचालक सौम्या प्रापर्टी डीलर)
मो.-9301759475
9713253992
मेल- vipintomar172@gmail.com
सौम्या प्रोपर्टी डीलर
आवासीय भूमी (प्लॉट, फ्लैट, मकान, बंगला, खरीदने, बेचने व किराये) पर लेने देने के लिये सम्पर्क करें
ग्वालियर शहर में प्रोपर्टी खरीदने व बेंचने के लिये सम्पर्क करें
पता- दुकान न. 3/4 तोमर मार्केट, गायत्री मंदिर वाली गली, पिंटो पार्क, ग्वा.

PTV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे।
तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार
आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं
हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।
PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com
नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 निगर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478